
हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 8 दिसंबर 2024



### मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष आज शहर में

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय रविवार को राजनांदगांव के दौरे पर रहेंगे। यहां वे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रविवार दोपहर 2 बजे रायपुर हेलीपैड से राजनांदगांव के लिए रवाना होंगे। यहां दोपहर 2.25 राजनांदगांव पीटीएस मैदान पहुंचेंगे, जहां से कार द्वारा दोपहर 2.30 बजे डोंगरगांव रोड स्थित नवनिर्मित ब्रह्माकुमारीज ज्ञान मानसरोवर भवन का उद्घाटन करेंगे। दोपहर 3.10 पर मुख्यमंत्री राजनंदगांव के गायत्री स्कूल परिसर में आयोजित हो रही एकल अभियान के खेल प्रतियोगिता में शामिल होंगे और खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण करेंगे। दोपहर 4.15 पर मुख्यमंत्री पीटीएस मैदान पहुंचेंगे और राजधानी रायपुर के लिए रवाना होंगे।

### माय एंगल




## सोमवार से पटरी पर लौट सकती है परिवहन प्रक्रिया, मिलर्स माने

# नहीं थमेगी खरीदीः मिलर्स का अनुबंध शुरू, दोगुना ट्रकों के जरिये होगा उठाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर में मिलर्स द्वारा उठाव से दूरी बनाए रखने के कारण परिवहन ठप है। अविभाजित राजनांदगांव जिले में भी उपार्जन केंद्रों में 34 लाख क्विंटल से अधिक धान जाम पड़ा हुआ है। प्रशासन अपने स्तर पर उठाव करा रहा है, लेकिन वह नाकाफी साबित हो रहा था। ऐसे में अब मिलर्स ने भी अपना आंदोलन छोड़ उठाव के लिए अनुबंध कराना शुरू कर दिया है। इस स्थिति में सोमवार से दोगुना ट्रकों के जरिये उठाव होता नजर आएगा। पहले उन केंद्रों से धान का उठाव होगा, जहां बफर लिमिट से तीन गुना धान जाम है।

उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव, मोहला-मानपुर, खैरागढ़ जिले में करीबन 150 केंद्र बफर लिमिट से पार हो गए हैं। ऐसे में किसानों से धान खरीदी करने में दिक्कतें आ रही थी। उठाव की सुस्त रफ्तार से परेशान होकर समिति प्रबंधकों ने भी शुक्रवार को खरीदी बंद करने की चेतावनी दी थी। हालांकि शनिवार को प्रदेशभर में मिलर्स मान गए हैं और जिले में भी मिलर्स ने अपना पंजीयन कराना शुरू कर दिया है। सोमवार से उठाव पटरी पर लौट सकता है। हालांकि शुरूआती एक सप्ताह में स्थिति बहुत ज्यादा नहीं सुधर पाएगी।



### उठाव के लिए सड़कों पर दौड़ेंगे तीन सौ वाहन!

मौजूदा स्थिति में प्रशासन ने टेंडर के जरिये उठाव शुरू कराया है। प्रशासन के मुताबिक लगभग डेढ़ सौ वाहनों के जरिये परिवहन सुनिश्चित कराया जा रहा है। वहीं अब मिलर्स द्वारा भी अनुबंध कराने से वाहनों की संख्या में इजाफा होगा। बताया गया कि जिले में करीबन 70 से 80 मिलर्स अपना अनुबंध कराएंगे। हर मिलर्स दो से तीन वाहन भी उठाव के लिए लगाता है तो जिलेभर में तीन सौ से अधिक वाहन उठाव के काम में लग जाएंगे।

### 90% केंद्र बफर लिमिट से पार

मिली जानकारी के अनुसार चार जिलों को मिलाकर कुल 282 उपार्जन केंद्रों के जरिये किसानों से धान खरीदी की जा रही है। इनमें 254 केंद्रों में बफर लिमिट पार हो गई है। जिलेवार आंकड़े देखें तो राजनांदगांव जिले के 96 उपार्जन केंद्रों में 89 में बफर लिमिट पार हो गई है। ऐसे ही खैरागढ़ जिले में 51 में 46, मोहला-मानपुर जिले में 27 में 24 और कवर्धा जिले के 108 उपार्जन केंद्रों में 95 में बफर लिमिट से अधिक खरीदी कर ली गई है।

### प्रबंधकों ने कहाः अब नहीं रोकेंगे खरीदी

शुक्रवार तक उठाव की सुस्त रफ्तार से परेशान होकर समिति प्रबंधकों ने सोमवार से खरीदी बंद करने की चेतावनी दे दी थी, लेकिन शनिवार से मिलर्स का अनुबंध शुरू होने से उन्होंने अपना फैसला टाल दिया है। समिति प्रबधंक के अध्यक्ष श्री देवांगन ने बताया कि मिलर्स द्वारा उठाव होने से स्थिति सुधरने की उम्मीद है। जिसके चलते खरीदी बंद करने का फैसला टाल दिया गया है।

### हर रोज उठ रहा 45 हजार क्विंटल धान

अविभाजित राजनांदगांव जिले में अब तक कुल 2.17 लाख क्विंटल धान का उठाव पूरा हो चुका है। राजनांदगांव जिले में 99938 क्विंटल, खैरागढ़ जिले में 102270 क्विंटल एवं मोहला-मानपुर जिले में 15180 क्विंटल धान उठ चुका है। वहीं रोजाना की बात करें तो शुक्रवार को 44220 क्विंटल धान उठाया गया था। गुरुवार को 47238 क्विंटल धान उठाया गया था। ऐसे में वाहनों की संख्या बढ़ने से रोजाना उठाए जाने वाले धान की मात्रा में भी दोगुना इजाफा होगा।

## रात को घर में घुसकर डरा-धमकाकर पैसों की मांग

### आरोपी पुलिस की गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रात में घर में घुसकर चाकू दिखाकर डरा-धमकाकर पचास हजार रुपए की मांग करने एवं चाकू से हमला करने का प्रयास करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा 5 दिसंबर की रात्रि में थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात्रि करीबन साढे 9 बजे गांव का डोमेशर पडोती एवं उसके दो अन्य साथी उसके घर आकर दरवाजा खटखटाए।

प्रार्थी द्वारा दरवाजा खोलने पर आरोपियों ने चाकू दिखाकर 50000 रुपए की मांग किया। नहीं देने पर अश्लील गालियां एवं जान से मारने की धमकी देते चाकू से वार करने का प्रयास कर रहा था। बीच-बचाव करते समय उसकी पत्नी एवं उसे हाथों में चाकू से चोंटे आई है।

रिपोर्ट पर थाना छुरिया में धारा 296, 118(1), 351(2), 119 (1), 3(5) बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### वेन एवं चाकू जब्त

पुलिस इस मामले में आरोपियों की सरगर्मी से पतासाजी कर रही थी। इस दौरान मुखबीर सूचना मिलने पर आरोपी डोमेश्वर पडोती को ग्राम ठाकुरटोला, श्रवण उईके को ग्राम बजरंगीडीह एवं अश्वन गोड को ग्राम बरगा से घटना के संबंध में पूछताछ किया गया, जो उक्त अपराध घटनाकारित करना स्वीकार करने से विधिवत गिरफ्तार किया गया। ओरापियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 1 नग चाकू एवं मारूति वेन को जब्त किया गया। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी छुरिया संतोष कुमार भुआर्य, सहायक उपनिरीक्षक एसएल कंवर, आरक्षक देवीलाल साहू, फुलेन्द्र राजपूत, सत्येन्द्र कुमार डहरे, द्वारिका कलारी, भुनेश्वर वर्मा एवं अन्य थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

0 राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी-कर्मचारी संघ अजाक्स द्वारा आयोजित भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर संविधान की हीरक जयंती तथा क्रांतिवीर बिरसा मुंडा जयंती समारोह का आयोजन 8 दिसंबर को डॉ. अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सिविल लाइन राजनांदगांव छत्तीसगढ़ में 11.30 से 4:30 बजे तक संपन्न होगा।

# सर्वे के नाम पर निकाला लोन, 5 लाख की धोखाधड़ी, एक फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



धोखाधड़ी कर राशि गबन कर फरार हुए एक निजी बैंक के पूर्व मैनेजर को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम, एसडीओपी लालचंद मोहले के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी खैरागढ़ अनिल शर्मा के नेतृत्व में 2023 से फरार आरोपी परमेश्वर पटेल को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी रोमित कुमार साहू 28 साल निवासी टप्पा पुलिस चौकी तुमडीबोड़ हाल भारत फाइनेशियल इंकलूजन लिमिटेड शाखा खैरागढ़ द्वारा लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि भारत फाइनेशियल इंकलूजन लिमिटेड में आरोपी परमेश्वर पटेल संगम मैनेजर के पद पर कार्य करता था। आरोपी परमेश्वर पटेल द्वारा अपने पद में कार्यरत रहते हुए 11 सदस्यों से सर्वे के नाम पर लोन स्वीकृत कराकर एवं लोन का रकम स्वयं उपभोग कर गबन करने व 4 अन्य ग्राहकों से लोन की राशि जमा करने के लिए राशि प्राप्त कर लोन की राशि जमा नहीं करना एवं 3 ग्राहकों के नाम से लोन पास कर स्वयं जमा करने का झांसा देकर एवं 1 ग्राहक से लोन की राशि जमा करने व अधिक लोन स्वीकृत करने के नाम से स्वयं लोन निकालकर कुल 492367 रुपए (चार लाख ब्यानबे हजार तीन सौ सडसठ) की धोखाधड़ी व गबन कर कंपनी एवं आम जनता को आर्थिक नुकसान पहुंचाया है। रिपोर्ट पर आरोपी परमेश्वर पटेल के खिलाफ धारा 420, 406, 408 भादवि दर्ज किया गया था।

### पुलिस ने की कार्वाई

आरोपी घटना दिनांक से ही अपने निवास स्थान से फरार होकर मोबाईल नंबर बदलकर अन्य स्थान में निवास कर रहा था, जिसे थाना खैरागढ़ पुलिस द्वारा मुखबीरों से जानकारी प्राप्त कर 6 दिसंबर को जिला बिलासपुर से गिरफ्तार किया गया, जिसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### सशस्त्र सेना झंडा दिवस

# शहीद परिवारों का किया सम्मान, राशि भी जुटाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय में सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिक, परिजन और कलेक्टर संजय अग्रवाल शामिल हुए। इस दौरान सैनिक और उनके परिवारों के कल्याण के लिए सहायता दान राशि जुटाई गई। प्रतिवर्ष 7 दिसंबर को सेना में कार्यरत कर्मियों और उनके परिवार के कल्याण और सहयोग के लिए आयोजित होने वाले सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर शहर में भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के बीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जवानों के लिए स्वेच्छिक अनुदान राशि सशस्त्र सेना के प्रतीक विशेष झंडे को बांटकर एकत्रित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस सशस्त्र बलों के सभी जांबाज सैनिकों को नमन करने का दिन है। हम सब इस दिवस पर सैनिक कल्याण के कार्यों के लिए अपना सहयोग कर सकते हैं।



### झंडा वितरण किया गया

आयोजन को लेकर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के कल्याण संयोजाक अविनाश चंद्रपंथ ने बताया कि आज के दिन एक विशिष्ट प्रकार का झंडा सभी लोगों को वितरित किया जाता है और स्वेच्छिक अनुदान राशि जुटाई जाती है। यह राशि शहीद परिवारों के कल्याण में खर्च की जाती है। आयोजित कार्यक्रम में सशस्त्र सेना के छोटे-छोटे झंडों का वितरण कर शहीद परिवारों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक और उनके परिजन उपस्थित थे।

# नाबालिग से कुकर्म, आरोपी मध्यप्रदेश से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

एक नाबालिग को बहला-फुसला कर अपने साथ भगा ले जाने एवं शादी करने का झांसा देकर कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 6 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 4 अप्रैल 2023 को इसकी नाबालिग लड़की उम्र 16 वर्ष 5 माह घर से बिना बताए कहीं चली गई है, जो घर वापस नहीं आई है। अंदेशा है कि नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर अपहरण कर कहीं ले गया है। रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में धारा 363 भादस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

**पुलिस ने की कार्रवाई**- पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका एवं अज्ञात आरोपी की लगातार पता तलाश किया जा रहा था। इस दौरान मुखबीर की सूचना पर निरीक्षक अनिल शर्मा थाना प्रभारी खैरागढ़ के नेतृत्व में टीम बनाकर ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग बालिका को दीगर राज्य

⏩ शेष पेज 14 पर

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

24 घंटे आपात चिकित्सा
- एक्सीडेंट
- जहर का सेवन
- लीवर फेलयर
- किडनी फेलयर
- हार्ट अटैक
- ब्रेन हेमरेज
- पीलिया • लकवा

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- बांझपन का ईलाज
- मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज
- गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
- नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/-

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



## खबर संक्षेप

### युवा उत्सव में मनीषा, भोजराम प्रथम

**ठेलकाडीह।** जनपद पंचायत खैरागढ़ ने गत दिनों विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन उच्चतर माध्यमिक शाला, बढ़ईटोला में किया। कार्यक्रम में नवीन महाविद्यालय ठेलकाडीह के 6 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में भोजराम वर्मा ने प्रथम तथा कहानी लेखन में मनीषा यदु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तात्कालिक भाषण, पेंटिंग, कविता पाठ में रामेश्वरी पाल, उर्वशी वर्मा, कृष्णा साहू, मोनिका देवांगन की सराहनीय सहभागिता रही। टीम मैनेजर सहायक प्राध्यापक रेणुका सिन्हा थी।




### किसानों को छल रही सरकारः छन्नी

**छुरिया।** पूर्व विधायक छन्नी चन्दू साहू ने गहिराभेड़ी धान खरीदी केंद्र पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि 14 नवम्बर से धान खरीदी शुरू होने के बाद भी अब तक उठाव शुरू नहीं होने से जाम की स्थिति बन गई है। साल्हेटोला सोसायटी से भी धान की उठाव न होने से जगह की कमी होने लगी है। खरीदी बंद होने के कगार पर है। बिगड़ते मौसम के कारण प्रबंधक एवं कर्मचारी चिंता में हैं। उन्होंने बताया कि खरीदी केन्द्रों में धान का स्टाक बफर लिमिट पार होने से अब रखरखाव के साथ तौलने की समस्या खडे होने लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसान हितैशी होने का दावा करने वाले 31 सौ का एकमुश्त भुगतान करने का वादा कर 23 सौ रुपए देकर किसानों के साथ छलावा कर रहे हैं। उन्होंने समर्थन मूल्य में 117 रुपये की बढ़ोतरी होने के बाद किसानों को धान की कीमत 3217 रुपए देने की मांग की है। निरीक्षण के दौरान जनपद सदस्य हेमलता बंजारे, ललित साहू, अंजू साहू, शिवा साहू आदि उपस्थित थे।



### संकुल स्तरीय खेल का शुभारंभ

**छुरिया।** उचईपुर में संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा का शुभारंभ विधायक भोलाराम साहू ने किया। विधायक श्री साहू ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर ध्वजारोहण किया। बालिकाओं ने सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दिया। इस दौरान सरपंच अनिला सलामे, प्रताप घावड़े, चरणसिंह यादव, सगुन, दमीचंद सिन्हा, टोमन सिन्हा, आत्माराम तुमरेकी, आशा मांडवी, हेमलाल साहू, चमरूराम यादव, अंगद साहू, आशाबाई मांडवी, फूलोबाई कोर्राम, रूपराम सोरी, माधोलाल रावटे आदि उपस्थित थे।



### जोन स्तरीय स्पर्धा आयोजित

**सड़क अतरिया।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खैरबना में जोन स्तरीय बालक बालिका खेल प्रतियोगिता आयोजित हुई। पुरुस्कार वितरण समारोह में पूर्व विधायक कोमल जंघेल शामिल हुए। उन्होंने विजेता खिलाडियों को पुरस्कृत किया। विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष नेतराम जंघेल, प्रकाश जंघेल थे। प्रतियोगिता में 155 स्कूल के विद्यार्थीयों ने भाग लिया। इस दौरान गैंदा जंघेल, सरपंच ललित जंघेल, दुष्यंत शर्मा, धनसाय साहू, धनेश साहू, मधुसूदन देशलहरा, मनहरण जंघेल, जलवंतीन जंघेल, किरण जंघेल, दौलत पटेल, डोमार भेड़िया, धनउ साहू सहित अन्य उपस्थित थे।



### नहीं हो रहा कचरे का उठाव

**डोंगरगढ़।** केदारबाड़ी मेन रोड़ के समीप मलमा पड़ा है जिसे हटाने के लिए विजेंद्र बोरकर कई बार पालिका अधिकारी एवं कर्मचारियों से कई बार शिकायत कर चुके हैं किंतु अब तक मलमा नहीं हट सका है। लोग लगातार यहां कचरा फेंक रहे है जिससे गंदगी फैल रही है। शिकायतकर्ता पहले भी जन समस्या शिविर में शिकायत कर चुका है किन्तु शिकायत का समाधान अभी तक नहीं किया गया।



### मौसम में आया बदलाव

**सड़क अतरिया।** तीन- चार दिनों से मौसम में आ रहे बदलाव ने किसानों की चिंता बढ़ा दिया है। किसान इन दिनों धान की कटाई मिंजाई कर रहे हैं दूसरी ओर रबि फसल की बुआई भी जारी है। लगातार बदली छाए रहने से अरहर, चना सहित सब्जियों में कीट प्रकोप बढ़ने की आशंका है। क्षेत्र के कुछ गांव में बूंदा बांदी होने की जानकारी मिली है।





### प्रीतम निषाद का निधन

**एलबी नगर।** नारायणगढ़ निवासी प्रीतम निषाद का निधन 7 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। स्व.निषाद अपने पीछे दो पुत्र सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## छिपा सोसायटी में अब किसान नहीं बेच पा रहे धान

# किसानों के नाम पर कर्ज, प्रबंधक और बैंक कर्मियों ने किया घोटाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विकासखंड के छिपा समिति के किसानों के नाम पर फ़र्ज़ी लोन लेकर लाखो की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है जिसके कारण अब उन्हें धान बेचने में भी परेशानीयो का सामना करना पड़ रहा है । बैंक और सोसायटी के कर्मचारियों की मिलीभगत ने अंजान किसानों को भारी कर्ज़दार बना दिया है। पीड़ित किसानों ने बताया कि सोसायटी प्रबंधक ने नवीनीकरण के नाम पर ब्लैंक चेक पर उनके हस्ताक्षर कराए और फिर उनके नाम पर ऋण स्वीकृत करवा लिया। इसके बाद बैंक कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर यह राशि हड़प ली गई और ये सब की जानकारी हमे बाद में मिली।

पालंदूर के जितेन्द्र यादव, जिनके पास केवल दो एकड़ जमीन है, उनके नाम से 2,65,000 रुपए का फर्जी कर्ज़ निकाला गया है जबकि दो एकड़ जमीन पर अधिकतम 60,000 रुपए ही लोन दिए जाने के प्रावधान हैं।इसी तरह अन्य किसान यादव राम वर्मा, राजकुमार वर्मा, शेखर वर्मा, और प्रदीप वर्मा के नाम पर भी लाखों रुपये का कर्ज़ निकाला गया। इन किसानों ने कभी इस कर्ज़ का आवेदन तक नहीं किया था। इस फर्जीवाड़े के कारण किसानों का बैंक से लेन-देन बंद हो गया है। उन्हें खाद और बीज नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे उनकी खेती प्रभावित हो रही है। यहां तक कि वे अपनी उपज को बाजार में बेचने में भी असमर्थ हैं,क्युकी अगर वे धान मंडी में बेचते हैं तो उससे मिलने वाले रुपयों से बड़ी रकम पहले ही काट ली जाएगी जबकि किसानों ने कोई लोन लिया ही नहीं है।

### फर्जी लोन माफ करने की मांग

किसानों ने डोंगरगढ़ एसडीएम मनोज मरकाम को शिकायत दी, जिन्होंने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। किसानों ने मांग की है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और उनका ये फ़र्ज़ी लोन माफ किया जाए।पीड़ित किसानों का कहना है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। इस घोटाले ने उनके भविष्य को अंधकारमय बना दिया है। यह मामला किसानों की आजीविका से जुड़ा है। उच्च स्तर पर जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई बेहद जरूरी है।

### मामले की होगी जांच

ग्रामीण किसान आए हुए थे मोहारा का लोन का कुछ मामला है जांच की जा रही है। जांच के बाद निराकरण किया जाएगा। उनकी मांग यह है कि उनके नाम से किसी ने लोन लिया हुआ है समिति प्रबंधक को वह लोग आरोपित कर रहे हैं। इसमें जांच किया जाएगा इसमें उनके नाम से किसने लोन निकाला है और उनकी प्रमुख मांग यह है कि उनकी धान बेचने दिया जाए लोन ना काटा जाए।

- **मनोज मरकाम,** एसडीएम

### हमने नहीं लिया लोन

हमने किसी प्रकार का कोई लोन नहीं निकला है हमें जानकारी ही नहीं है हमने अपनी समस्याओं को लेकर सांसद कलेक्टर एसपीडी आर डोंगरगढ़ एसडीएम सभी जगह लिखित शिकायत किए हैं अभी तक हमें उनकी तरफ से कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई है हमारी मूल मांग यह है कि हमें धान बेचने दिया जाए बिना किसी ऋण राशि को धान की राशि से काटे बिना, प्रशासन हमारी ओर ध्यान नहीं दे रहा है हम आत्महत्या कर लेंगे। - **यादवराम वर्मा,** पीड़ित किसान

### धान बेच नहीं पा रहे

लोन के कारण मैं धान नहीं बेच पाया क्योंकि धान बेचूंगा तो धान बेचने से आने वाली राशि से पैसा कट जाएगा। टोटल हम नौ किसान फंसे हुए है। हम लोग लोन नहीं लिए है फिर भी हमारे नाम से लोन दिखा रहा है। हम लोग जब सोसाइटी में खाद लेने गए तब हमें मालूम चला, किसी का 2 लाख किसी का 3 लाख रुपए लोन दिख रहा है। सरासर धोखाधड़ी किया गया है। हमारे द्वारा कलेक्टर एसडीएम सभी को लिखित शिकायत किया गया है। हमारे मुख्य मांग यह है कि बिना राशि कटे हमें धान बेचने दिया जाए। - **संतोष वर्मा** पलांदुर

## किसानों ने फिर की नौकरी और 4 गुना मुआवजा की मांग




हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- कांग्रेस के साथ प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

डोंगरगढ़ से कटघोरा तक रेल लाईन निर्माण का काम चालू होना है। इस कार्य के लिए करीब 300 करोड़ केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार को दिया है। रेल लाईन निर्माण के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहण होना है। अधिग्रहण से प्रभावित होने वाले किसानों ने कांग्रेस के साथ प्रदर्शन करते हुए रेलवे प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में प्रभावित किसानों ने प्रभावित परिवार के एक सदस्य को नौकरी, बाजार मूल्य से 4 गुना ज्यादा मुआवजा एवं जमीन अधिग्रहण से पहले पुनः कराने की मांग की है। उनका कहना है कि पूर्व में 2016-17 में जब सर्वे हुआ था तब खेत की स्थिति अलग थी। वर्तमान में किसानों ने जमीन में बोर खनन, मकान आदि बना लिया है।

## पांच करोड़ का धान पहुंचा सोसायटियों में

### परिवहन ने अब तक नहीं पकड़ा रफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

धान खरीदी के बीच बिगड़ते मौसम और सुस्त परिवहन ने समिति प्रबंधकों को चिंता में डाल दिया है। केन्द्रों में शुरूवात से ही धान की बंफर आवक हो रही है पर उठाव नहीं होने जाम की स्थिति निर्मित होने लगी है।

धान खरीदी प्रभावित होने के बाद बीते दिनों क्षेत्र के सभी उपार्जन केन्द्रों में थोक में डीओ काटा गया पर परिवहन धीमा होने से स्थिति जस की तस बनी हुई है। सभी केन्द्रों में लिमिट से दो से तीन गुना धान का स्टाक है। जिस हिसाब से धान की आवक हो रही है उनकी तुलना में परिवहन काफी कम हो रहा है। धान के मौजूद स्टाक की सुरक्षा के लिए सोसायटियों में तीरपाल नहीं है। जो है भी तो फटा पुराना है। बारिश होती है तो बड़ी मात्रा में धान भीग सकता है।

जानकारी के अनुसार धान खरीदी केन्द्र बुंदेली में अब तक 442 किसानों से 57399560 रूपए, संडी में 413 किसानों से 55561136, विचारपुर में 360 किसानों से 53144264, कुकुरमुडा अतरिया में 385 किसानों से 47089240 रूपए का धान खरीदा जा चुका है। केन्द्रों में बारदाना उपलब्ध हो जाने के बाद किसानों को भटकना नही पडेगा। बीते सप्ताह किसानों से पचास फीसदी बारदाना मंगवाकर धान खरीदा जा रहा था। मिलरों का हड़ताल स्थगित होने के बाद सभी केन्द्रों में बारदाना पहुंचाया जा रहा है। सोमवार से सभी केन्द्रों में विभाग के शत प्रतिशत बारदाने पर धान खरीदी किया जाएगा।

### धान का परिवहन अब तक सुस्त

धान खरीदी शुरू होने के बाद से अब तक परिवहन व्यवस्था दुरूस्त नहीं हो पाई है। जानकारी अनुसार कुकुरमुड़ा अतरिया केन्द्र में शुक्रवार तक 1420 क्विंटल, संड़ी से 1310, बुन्देली से 3180 तथा विचारपुर से 5160 क्विंटल धान का परिवहन हो पाया है जबकि सभी जगह लिमिट से तीन गुना धान खरीदा जा चुका है। विचारपुर में 23 हजार 82 क्विंटल, बुन्देली में 24 हजार 913 क्विंटल, संड़ी में 24 हजार 119 क्विंटल तथा अतरिया में 20 हजार 412 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है।

## स्वास्थ्य शिविर में 300 की हुई जांच



**डोंगरगढ़।** बाबा साहेब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर नागसेन बुद्ध बिहार ट्रस्ट समिति, आदर्श बौद्ध महासभा समिति एवं स्काउट रोवर- रेंजन के तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पित किया। आरोग्य हॉस्पिटल डोंगरगढ़ के संचालक डॉ. नरेन्द्र पुष्पलता गणवीर सहित अन्य ने लोगों की जांच और उपचार किया। स्वास्थ्य शिविर में 285 का ब्लड टेस्ट, शुगर टेस्ट, आंख जांच, ब्लड प्रेशर आदि की जांच की गई। इस दौरान रक्तदान भी किया गया। शिविर में डॉ डिम्पल खोब्रागढ़े, डॉ प्रशांत चौधरी, डॉ. सरिता रामटेके, डॉ. वर्षा पटेल आदि ने अपनी सेवाएं दी। इस दौरान राकेश भावते, योगेश कंडरा, अनिल सहारे, प्रकाश अग्रवाल, पप्पु इंदुलकर, सिद्धार्थ नागदेवे, धर्माशोक, चमन समुंद्रे, शिवराज बोरकर, सावन टेम्भुरकर आदि उपस्थित थे।

### कॉलेज में मनाया महापरिनिर्वाण दिवस

नेहरू महाविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान विभाग में संविधान निर्माता डॉ. बीआर आम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर एवं प्राध्यापकों ने बाबा साहेब के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर नमन किया। संविधान निर्माण, महिला उत्थान, दलित उत्थान एवं समाज सुधार में उनके योगदान को याद कर छात्र-छात्राओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कहा गया। इस दौरान डॉ. आशा चौधरी, डॉ आरआर कोचे, एचआर पदमे, गुलशन सिंह, नीलम चतुर्वेदानी, नीता राजपूत, डॉ नौशीन अंजुम, डॉ येशुकीर्ति हजारे, डॉ सपना परिहार, एवलाल मेश्राम, मनीषा भेड़िया, अंजली आदि मौजूद थे।

## 322 को बनाना है घर, सरकार को खर्च करना पड़ेगा 8 करोड़

### शिविर लगाकर नगर पंचायत में लिया हितग्राहियों से आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

गरीबों के घर का सपना पूरा करने भाजपा सरकार के निर्देश पर स्थानीय नगर पंचायत ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शिविर लगाकर हितग्राहियों से आवेदन लिया है। नगर प्रशासन को शिविर में तीन सौ से ज्यादा आवेदन मिले हैं। वही करीब 500 लोग आवेदन प्रपत्र ले गए हैं जो आने वाले दिनों में दस्तावेजी प्रक्रिया पूरा कर जमा करेंगे जिससे घर की चाह रखने वालों की संख्या बढ़कर 350 तक पहुंच सकती है।

### चाहिए भारी भरकम बजट

जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनाने के लिए हितग्राही को 2.50 लाख मिलता हैं। नगर प्रशासन को अब तक मिले सभी 322 आवेदन स्वीकृत होते हैं तो 8 करोड़ 5 लाख रुपए की जरूरत पड़ेगी। हितग्राहियों की संख्या बढ़ने पर सरकार को करीब 8 करोड़ 75 लाख आबंटित करना पड़ेगा।



### दस्तावेजों ने बढ़ाया परेशानी

आवास योजना का लाभ पाने के लिए हितग्राहियों को आवेदन के साथ जमीन का दस्तावेज तो देना हैं साथ में आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र, पूरे परिवार का आधार कार्ड देना अनिवार्य है। आवेदन जमा करने के दौरान यह बात प्रमुखता से सामने आई कि लोगों के पास जमीन का पट्टा तो है किन्तु वह किसी अन्य के नाम पर हैं। नियमानुसार नामांतरण नहीं होने से उन्हे लाभ नहीं मिल सकता। वहीं आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए लोगों को राजस्व विभाग के चक्कर काटना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि राजस्व विभाग में नामांतरण सहित अन्य काम का रेट फिक्स है जिसके बिना कोई काम नहीं होता।

### शिविर लगाया जाए

मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदकों की दस्तावेजी कार्रवाई पूरा करने के लिए नगर पंचायत और राजस्व विभाग का संयुक्त शिविर लगाया जाए। शिविर के आयोजन से पूर्व सभी हितग्राहियों को प्रस्तुत किए जाने वाले आवश्यक दस्तावेज की जानकारी दी जाए ताकि शिविर में सभी प्रमाण आसानी से बन सके।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

KS GROUP PUNJAB | INDIA
KS 9300 SELF PROPELLED COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सौरभ का नलिनी ने बढ़ाया हौसला

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में सौरभ



जाम्बुलकर ने कामयाबी हासिल किया है। परिणाम घोषित होने के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग की उपाध्यक्ष नलिनी मेश्राम ने घर जाकर सौरभ को बधाई दिया और हौसला बढ़ाया। उन्होंने यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर कलेक्टर बनने प्रेरित करते हुए सहयोग करने का आश्वासन दिया। सौरभ को इस कामयाबी तक पहुंचने के लिए कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। पापा के नही होने के बाद उसे पढ़ाने में मां ने किसी प्रकार की कमी नहीं होने दिया। उसके मामा गोपीराम सांगोडे ने सहयोग देने के साथ हौसला बढ़ाया।

### बाबा साहेब को अर्पित किया श्रद्धासुमन



**डोंगरगढ़।** श्री सुदर्शन वाल्मीकि समाज ने डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष तरुण हत्थेल, सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष नरेश करसे, पप्पू इंदुरकर, अमर समुद्रे, मतीन खान, सुनील डकहा, संजीव बक्सरे, रामआसरे, विजय करसे, रामरतन यादव, अनिल यादव, शेखर सिन्हा, सुधीर बघेल और अनिल भौवरेल सहित अन्य उपस्थित थे।

### कार्यकारिणी घोषित, मयूर बने कोषाध्यक्ष

**डोंगरगढ़।** अग्रवाल समाज के निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण अग्रवाल ने अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा किया है। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मयूर अग्रवाल भुत, सचिव महेन्द्र अग्रवाल, सह सचिव चेतन अग्रवाल, भवन व्यस्थापक सिद्धगोपाल नरेडी को बनाया गया है। सदस्य के रूप में प्रकाश अग्रवाल, मांगीलाल, रितेश पचेरी, कन्हैया मोदी, पूनम बिंदल, कैलाश गोयल, पूनम अग्रवाल बसंल, शिव दुर्गाप्रसाद, कन्हैया रामअवतार अग्रवाल, नवदीप शंकर अग्रवाल को बनाया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को सामाजिक जनों ने बधाई दिया है। मंत्री महेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि समाज के वरिष्ठजनों के साथ धार्मिक एवं राजनीतिक संस्थाओं से जुड़े लोगों को संरक्षक, मार्गदर्शक एवं सलाहकार समिति में जोड़ा जाएगा।

### स्पर्धा में उलटफेर से दर्शक रोमांचित

**डोंगरगढ़।** हाईस्कूल मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबाल टुर्नामेंट में



बड़ी संख्या में शहर के लोग उपस्थित होकर खेल का आनंद लेने के साथ खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा रहे है। नॉकआउट फुटबाल प्रतियोगिता के आयोजन में बाहर से आई टीमों की हार-जीत दर्शकों में रोमांच पैदा कर रही है। लगातार अच्छा प्रदर्षन करने वाली टीम के बाहर होने के बाद शुक्रवार को कोरबा-राजनांदगांव के बीच पहला मैच खेला गया। कोरबा ने राजनांदगांव को 3-1 से हराया। दूसरे मैच में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही भरेली माइंस को दुर्ग ने 3-1 से हराकर बाहर कर दिया। मैच के बाद उत्कृष्ट खिलाड़ियों को किशोर जैन, रेमन फ्रांसो, धीरज मेश्राम, संजय श्रीवास्तव, मोहम्मद अब्दुला, राजू डकहा, पूरन शर्मा, मुन्नालाल नंदेश्वर, एचएल साहू, टम्मी नामदेव, अशोक साहू, सतीष यादव ने सम्मानित किया।

### अग्निवीर बना शहर का अरूण रजक

**डोंगरगढ़।** अग्निवीर के रूप में चयनित होने के बाद अरुण रजक आ



स्व.शंकर रजक ट्रेनिंग पूर्ण कर गत दिनों घर वापस लौटा। उसके आने पर वार्ड 22 के नागरिकों सहित गणमान्य नागरिकों ने गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। इस मौके पर सागर एवं राहुल रजक ने बताया कि अरुण शुरू से ही देश की रक्षा के लिए सिपाही बनना चाहता था। वह सैनिक बनने के लिए निरंतर मेहनत करता था जिसका परिणाम यह हुआ कि वह अग्निवीर के रूप में चयनित हुआ। अरुण के देश सेवा के भाव से गौरांवित माता सरोज रजक की आँखों में खुशी के आँसू आ गए थे।

### सूने घर से आठ हजार की चोरी

**सड़क अतरिया।** ग्राम में एक बार फिर चोरी की वारदात होने की खबर सामने आई है। शुक्रवार की रात एक सुने घर में अज्ञात चोर ने करीब 8 हजार पार कर दिया। जानकारी अनुसार निषाद परिवार के सूने मकान में घुसकर चोर ने समान को अस्त व्यस्त कर दिया तथा घर में रखे करीब 8 हजार चोरी कर ले गया। प्रार्थी ने गंड़ई थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है। करीब दो माह पहले भी अज्ञात चोर ने एक ही रात आधा दर्जन घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

### लाभ पहुंचाने सीएमओ ने बदला नियम

# नियम विरूद्ध भाजपा नेता के रिश्तेदार को मिला ठेका

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

निकाय चुनाव की घोषणा होने के पहले ही भाजपा नेताओं की मनमानी लगातार बढ़ रही है। भाजपा नेताओं का रौब ऐसा है कि वह नियमों को दरकिनार कराकर अधिकारियों पर दबाव डालकर अपने चहेतों को ठेका दिला रहे हैं। हाल ही में इस तरह का मामला नगर पालिका में सामने आया है। सड़क डामरीकरण के लिए आमंत्रित निविदा में सीएमओ और सब इंजीनियर ने भाजपा नेताओं के दबाव में आधे-अधूरे दस्तावेज जमा करने वाले ठेकेदार को ठेका दे दिया है और जिस ठेकेदार ने सभी दस्तावेज जमा किया था उसका टेंडर रद्द कर दिया है।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका ने करीब एक करोड़ की लागत से होने वाले सड़क डामरीकरण के लिए 30 अक्टूबर को आनलाईन निविदा सूचना जारी किया था। 22 नवंबर तक आनलाईन टेंडर भरना था। मूल दस्तावेजों जमा करने की तारीख 25 नवंबर तय किया गया था। गत 27 नवंबर को निविदाकर्ताओं के समक्ष टेंडर खोला जाना था, किंतु जानबूझकर विलंब करते हुए तीन दिसंबर को टेंडर खोला गया।

#### नियमों की अनदेखी

सूत्रों के अनुसार आमंत्रित टेंडर में भाजपा नेताओं के दबाव में नियमों को पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया। नियमानुसार निविदाकर्ताओं के मूल दस्तावेजों को जमा करने और टेंडर को आफलाईन खोलने के पहले संबंधित ठेकेदारों को बुलाया जाता है और उन्हीं के सामने टेंडर खोला जाता है लेकिन पालिका के सीएमओ और सब इंजीनियर ने भाजपा नेताओं और पार्षदों के दबाव में बिला रेट पर भरे गए टेंडर को दस्तावेज अपूर्ण होना बताकर रद्द कर दिया और एक भाजपा नेता के रिश्तेदार को ठेका दे दिया। जबकि ठेकेदार ने अधिक दर पर टेंडर भरा था।

#### साजिश का आरोप

ठेके से वंचित ठेकेदार ने बताया कि जानबूझकर उनके टेंडर को रद्द किया गया है, जबकि उन्होंने आनलाईन में जितने डाक्यूमेंट अटैच किए थे उसकी मूल प्रतियों को जमा करने के बाद भी कमी बतासर गसर। कुछ दस्तावेजों को गायब कराकर उन्हे ठेका से वंचित कर दिया गया। उनका कहना है कि सभी ठेकेदारों के समक्ष निविदा खोलना था, लेकिन कुछ ठेकेदारों और भाजपा पार्षदों का बुलाकर टेंडर खोल दिया गया। पीड़ित ठेकेदार को यह भी नहीं बताया गया कि कब टेंडर खोला जाना है। वह इस मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों के साथ ही सीएम, डिप्टी सीएम से करने वाले हैं।

## संगीत विवि में एड्स दिवस पर रंगोली व निबंध प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- दोनों प्रतियोगिता में विवि के 30 विद्यार्थी ने लिया हिस्सा

इन्दिरा कला संगीत विवि और जिला अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस पर रंगोली व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुलपति सत्यनारायण राठौर, कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल के संरक्षण और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ दिवाकर कश्यप के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता में विषय विशेषज्ञ के रूप में जिला एड्स नोडल अधिकारी ऋतुराज सिंह, बीएमओ डॉ.विवेक बिसेन, डॉ. खुशबू बिसेन व आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. श्रुति जैन उपस्थित रहीं। निर्णायक के रूप में निबंध प्रतियोगिता के लिये डॉ. देवमाईत मिंज और चित्रकला प्रतियोगिता के लिए संदीप किंडो को नियुक्त किया गया था। दोनों प्रतियोगिता में विवि के 30 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया जिसमे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में संगीत संकाय के अधिष्ठाता प्रो डॉ नमन दत्त, सहायक प्राध्यापक डॉ लिकेश्वर वर्मा, डॉ हरिओम हरि, डॉ जगदेव नेताम, विवेक नवरे सहित अतिथि शिक्षक मौजूद रहे।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**राजनांदगांव।** नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम) द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केन्द्र की प्रमुख गुंजन झा ने किसानों को तिलहन फसलों में सल्फर के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने फसलों को कीटों से बचाव के लिए नीम तेल के उपयोग, उर्वरक प्रबंधन, उद्यानिकी फसलों से सम्बंधित समस्याओं का निराकरण एवं जैविक कृषि के बारे में बताया। नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक एसके भगत द्वारा पीएसबी कल्चर के बारे में और फसलों में संतुलित खाद उपयोग करने की जानकारी दी। मृदा वैज्ञानिक अंजलि घृतलहरे ने किसानों को प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले अवयव बनाने की विधि के बारे में बताया। डॉ. नूतन रामटेके ने पशुओं में होने वाले लंपी स्कीन रोग के निदान के बारे में जानकारी दी। डॉ. अतुल डांगे ने प्रधानमंत्री खाद्य प्रसंस्करण उद्यम (पीएफएमई), कृषि यंत्रों का परिचालन एवं रख-रखाव के बारे में बताया।

## कार्यक्रमों से छात्रों के अंदर छिपी प्रतिभा निखरती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के बढ़ईटोला में जिपं सभापति व जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू के मुख्य आतिथ्य में विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिपं सभापति विप्लव साहू ने की वही विशिष्ट अतिथि के रूप में पांडादाह मंडल भाजपा महामंत्री गोरेलाल वर्मा, मो याहिया नियाज़ी, सरपंच संतोषी साहू सहित जनपद सीईओ नारायण बंजारा, प्राचार्य चंद्रभान साहू, शिक्षिका विभा पाटकर, सचिव ज्ञानदास साहू, नूतन साहू, संगीता साहू, पुलस वर्मा और दिनेश टांडेकर सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

जिलाधीश चंद्रकांत वर्मा के निर्देश पर जिले के युवाओं को कला संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से खेल एवं



युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत द्वारा ग्रापं बढ़ईटोला के शाला परिसर में किया गया। मुख्य अतिथि जिपं सभापति घम्मन साहू ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम विष्णु देव सरकार के नेतृत्व में छात्र छात्राओं व युवाओं के हित में आयोजन स्वर्णिम पहल है। इस प्रकार के साहित्यिक व सांस्कृतिक आयोजनों से युवाओं के अंदर छिपी प्रतिभा बेहतर ढंग से निखरती है और आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने महापुरुष स्वामी विवेकानंद के बारे में पढ़ने व उनके महान जीवन से प्रेरणा लेने कहा। वही हाई स्कूल की मरम्मत राशि की मांग पर जिलाधीश से दूरभाष में चर्चाकर स्कूल मरम्मत के लिए डेढ़ लाख रुपए दिलवाने की घोषणा की।

#### हर्ष और ईशा पहले स्थान पर

कार्यक्रम अध्यक्षता जिपं सभापति विप्लव साहू ने छात्रों को सफल जीवन जीने के लिए प्रेरित करते हुए शासकीय स्कूल में 10 हजार का ब्लैक बोर्ड व 10 हजार रूपयों की ज्ञानवर्धक पुस्तके जिला पंचायत निधि से देने की घोषणा की। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष मुरली वर्मा, जनपद सदस्य शैलेन्द्र मिश्रा, पारखदास कोसरे, हिमाचल सिंह राजपूत, गणेश राम वर्मा व शाला विकास समिति अध्यक्ष विश्राम वर्मा द्वारा विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक शिक्षिका विनिता सिंह राजपूत, लोमेश साहू, केसी केहरी, बैद्यनाथ वर्मा व गोपाल साहू को भी सम्मानित किया गया। युवा उत्सव में सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोक गीत, व्यक्तिगत लोक गीत, कहानी लेखन, चित्रकला, तत्कालिक भाषण व कविता आदि विधाओं में 15 से 29 आयु वर्ग के बालक/बालिकाओं ने भाग लिया जिसमें व्यक्तिगत लोकनृत्य में हर्ष चंद्राकर, सामूहिक लोकनृत्य में परमानंद व साथी प्रथम स्थान, व्यक्तिगत लोकगीत में ईशा बघेल पंडवानी प्रथम, सामूहिक लोकगीत में सौम्या व साथी प्रथम स्थान पर रहें। इसी प्रकार कहानी लेखन में मनीष यद्दु व चित्रकला में भोजराम वर्मा प्रथम, वंदना वर्मा द्वितीय, तत्कालिक भाषण में तामेश्वरी प्रथम, मनीषा यद्दु द्वितीय, कविता लेखन में समीरचंद प्रथम और रामेश्वरी पाल द्वितीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन बैद्यनाथ वर्मा और आभार प्रदर्शन सतीश देशलहरे ने किया।

## मन में रखे पवित्र विचार



**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में तीन दिवसीय हार्टफुलनेश रिलेक्सेशन एवं ध्यान, साधना कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर ने आयोजन की उपयोगिता पर प्रकाश डालने के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के डाक्टरों एवं हार्टफुलनेश रिलैक्सेशन एवं ध्यान साधना प्रशिक्षकों का स्वागत किया। श्रीमती ठाकुर ने शरीर की देखभाल एवं रोग मुक्त जीवन पर विस्तार से अपनी बात कही। इसी कड़ी में विशिष्ट अतिथि डॉ. गोविंद नामदेव ने तनाव मुक्त जीवन पर अपनी बात कहते हुए मन में पवित्र विचार के साथ नैतिक कार्य, व्यवहार, आचरण करने पर जोर दिया।हार्टफुल नेश रिलेक्सेशन एवं ध्यान साधना के प्रशिक्षक डा. सिरिज साव ने प्रोजेक्टर के माध्यम से शरीर में होने वाली गतिविधियों, मानसिक प्रवृत्तियों की जानकारी दी। इस दौरान प्राध्यापक डॉ. एनके लहरे, हरवंश चौरंगे, हेमशंकर साहू, सौम्या देवांगन, शुभि जैन, चांदनी पराते, डॉ. संजूसिंह राजपूत, डॉ. काव्या जैन, सरोजनी वर्मा, लीना साहू, हनी ठक्कर, नंदनी कुर्रे, हिमानी, जितेन्द्र वर्मा, मोहन वर्मा, हितेन्द्र वर्मा, नागेश वर्मा, मुकेश यदु, के अलावा स्वास्थ्य केन्द्र के कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश सहारे ने किया।

## कलश यात्रा के साथ आज गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राष्ट्र जागरण के उद्देश्य से फतेह मैदान में भव्य कलश यात्रा के साथ आज से 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ होगा। परिवार निर्माण, समाज निर्माण, व्यक्ति निर्माण, संस्कारवान पौड़ी का निर्माण करने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति के महत्व और वेद-मंत्र के महत्व को समझने समझाने को लेकर आयोजित महायज्ञ में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना को देखते हुए वृहद स्तर पर तैयारी की गई है।

भव्य पंडाल साथ स्थापित 51 हवनकुंड में गायत्री परिवार के आचार्यों द्वारा हवन की प्रक्रिया रोज कराई जाएगी। इनके साथ सात लोगों की संगीत टोली भी भजन कीर्तन की प्रस्तुति देंगी। इस दौरान छत्तीसगढ़ समेत हरिद्वार और अन्य प्रदेशों से भी बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के साधक पहुंचेंगे। रविवार 8 को भव्य कलश यात्रा साथ शांतिकुंज हरिद्वार के साधकों द्वारा विशेष संबोधन किया जाएगा। सोमवार 9 को सुबह सामूहिक जप ध्यान, देवपूजन, गायत्री महायज्ञ, दोपहर को प्रज्ञापुराण पर आधारित प्रवचन बाद शाम को कार्यकर्ता गोष्ठी साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। मंगलवार 10 को सुबह सामूहिक जप ध्यान व प्रज्ञा योग, गायत्री यज्ञ सहित विभिन्न संस्कार, दोपहर को नारी जागरण अभियान, शाम को विराट दीम यज्ञ होगा। आयोनिज के अंतिम दिन बुधवार 11 को सुबह सामूहिक जप ध्यान बाद दोपहर 11 बजे से गायत्री यज्ञ, संकार, पूर्णाहुति बाद प्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा। आयोजन का समापन टोलियों की विदाई से होगा।

#### जुटाया अन्न और अनुदान

51 कुंडीय गायत्री महायत्र की तैयारी महीने भर पहले से ही शहर सहित आसपास के इलाकों में लगातार जारी थी। गायत्री महायत्र के लिए अन्न और अनुदान जुटाने जिले के गायत्री परिवार के पांच सौ सदस्यों के साथ-साथ बेमेतरा, राजनांदगांव, मानपुर मोहला, दुर्ग, कवर्धा, धमधा, रायपुर, बिलासपुर, पांडातराई सहित विभित्र जगहों से आए, गायत्री परिवार के 200 से अधिक साधक महायज्ञ की तैयारी के लिए घर-पर दस्तक देकर अन्न और अनुदान जुटाने मे लगे रहे। बाहर से आने वाले परिवार के साधकों के लिए शहर के राममंदिर परिसर टिकरापारा सहित शहर के सभी शासकीय और निजी भवनों को अधिकृत किया गया है। लगभग 15 हजार से अधिक लोगों के जुटने की उम्मीद है। भवनों मे परिवार के साधकों के रहने की व्यवस्था बनाई गई है। महायत्र में एक लाख से अधिक लोगों के आने की संभावना है जिसमें रोज 15 हजार लोगों का खाना बनेगा जिसके लिए राम मंदिर मे व्यवस्था की गई है जबकि पूर्णाहुति में 50 हजार लोगों को भोजन परोसा जाएगा।

#### विभिन्न संस्कार कराया जाएगा नि:शुल्क

महायज्ञ मे पुंसवन, अन्नप्राशन, जन्मदिन, विवाह, उपनयन, दीक्षा संस्कार, विद्यारंभ, वानप्रस्थ संस्कार निःशुल्क कराया जाएगा। यज्ञ की शुरूआत में पहले दिन देवपूजन में जोड़े बैठेंगे, इसके बाद से कोई भी यज्ञ में रोजाना शामिल हो सकेगा। एक हवनकुंड में 11 से 14 लोगों की बैठक व्यवस्था होगी। गायत्री परिवार साधक और महायज्ञ के संयोजन में जुटे सुरेन्द्र सिंह सेंगर, गुलाब चोपड़ा, प्रभात साहू, टीडी वर्मा, साधना अग्रवाल ने बताया कि महायज्ञ में हरिद्वार से 21 से अधिक गायत्री परिवार के महावक्ता शहर में रहेंगे। इस दौरान गायत्री परिवार के अंतर्राष्ट्रीय वक्ता श्यामविहारी दुबे भी आएंगे और संस्कार सहित महायज्ञ की महिमा बताएंगे।

### टीवी, मलेरिया, कुष्ठ के मरीज खोजने चलेगा अभियान

# निक्षय निरामय वाहन को सांसद ने किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

कुष्ठ, टीबी, मलेरिया उन्मूलन के लिए केंद्र सरकार की निक्षय निरामय योजना 7 दिसम्बर को देश भर में शुरू किया गया है। योजना के तहत गंडई में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कर निक्षय निरामय वाहन को मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया।

उल्लेखनीय है कि निक्षय निरामय योजना के तहत टीबी, कुष्ठ जैसी बीमारियों के मरीज की खोज के लिए सौ दिन तक अभियान चलाया जाएगा।

अभियान को जिले में गति देने के लिए गंडई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय थे। इस मौके



पर श्री पांडे ने उपस्थित लोगों को रोग की रोकथाम के लिए शपथ दिलाया। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार लोगों के स्वास्थ्य और शिक्षा को लेकर गंभीर है।

एक हजार करोड़ की लागत से राज्य में चार मेडिकल कालेजों की स्थापना प्रस्तावित है जिसमे कवर्धा भी शामिल है। यहां लोगों का बेहतर इलाज होगा। उन्होंने बताया कि खैरागढ़ में जिला हास्पिटल बनाया जाएगा जिसका कार्य अगले 25 दिनों बाद आरंभ हो जाएगा।इस दौरान राकेश ताम्रकार, खम्हन ताम्रकार, राकेश ठाकुर, जीवनदास रात्रे, दूजेराम वर्मा, भीखु हिरवानी, लीलाराम साहू, दिनेश भट्ट, विक्की अग्रवाल, संजय अग्रवाल, मंगलचंद जैन, दिनेश भट्ट, जावेद खान, धर्मेंद्र पटेल, प्रकाश जंघेल, गोपाल साहू, राकेश जयसवाल, टेकन देवांगन, अनुज साहू, उदय देवांगन, यतीश कुंजन, रवि भावनानी, संजय यादव, रामकुमार साहू, रजेलाल पटेल, सुखदेव पटेल, दीना जंघेल, लीलाराम साहू, उमा चौबे, चेतन देवांगन, सूरज नामदेव, एडीएम प्रेमकुमार पटेल , एसडीएम रेणुका रात्रे, डॉ ऋतुराज ठाकुर, बीएमओ मनीष बघेल, डीपीएम सोनम ध्रुव, बीपीएम बृजेश ताम्रकार, विनय रामटेक, डॉ प्रशांत सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

#### घर-घर जाकर करेंगे सर्वे

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आशीष शर्मा ने बताया कि टीवी, कुष्ठ, मलेरिया उन्मूलन एवं वृद्धों की देखभाल के लिए अभियान का आगाज हो रहा है। जिले में 1059 मितानिन 446 ग्रामों एवं तीन नगरीय निकायों के घर- घर ताकर लोगों के स्वास्थ्य का सर्वे करेंगे। किसी प्रकार के लक्षण पाए जाने पर चिन्हांकित कर विभाग को जानकारी देंगे। जिला स्तरीय समन्वय बनाकर संबंधित व्यक्ति को सहायता उपलब्ध कराया जाएगा। अंत में सांसद श्री पांडेय ने जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा कम दाम पर दवा उपलब्ध कराने जन औषधि केंद्र खोला जा रहा है।

# अस्सी हजार किसानों का बनेगा फार्मर आईडी, मिलेगी सुविधा

### लोक सेवा केन्द्रों के आपरेटरों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के 88 हजार से उपर किसानों के लिए कृषि भूमि पहचान पत्र के निर्माण को लेकर लोक सेवा केंद्र आपरेटरों को प्रशिक्षण दिया गया। कृषि विभाग के उपसंचालक राजकुमार सोलंकी ने बताया कि पीएम गतिशक्ति योजनातंर्गत एग्रीटेक परियोजना तहत पूरे देश में किसानों के हित में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से नवाचार किया जा रहा है।

इसके तहत भूमि धारक सभी किसानों का फार्मर आईडी बनाया जाएगा, ताकि पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम फसल बीमा योजना, केसीसी जैसी योजनाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध हो सके इसके अलावा कृषि ऋण योजना, सीएम किसान सहायता, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, कृषि मशीनीकरण जैसी राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसान पंजीयन के दौरान लगने वाले दस्तावेजों की जगह फार्मर आईडी होने से सारी जानकारी अविलंब मिल जाएगी और किसानों को अलग-अलग योजनाओं के लिए हर बार मैनुअल दस्तावेज तैयार नही करना पड़ेगा।

#### लैण्ड आईडी भी किया जाएगा तैयार

उप संचालक राजकुमार सोलंकी ने बताया कि कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन मे एग्रीटेक परियोजना को लेकर मास्टर ट्रेनर लुकमान साहू, तहसीलदार, नयाब तहसीलदार, आरआई, ई डिस्ट्रिक मैनेजर, कृषि विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों सहित खैरागढ़ छुईखदान अनुभाग के दा दस लोक सेवा केंद्र आपरेटरों को फार्मर आईडी बनाने रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया जिनका चयन कार्य संपादन का पूर्व अनुभव होने के आधार पर किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले के 87 हजार 950 किसानों का फार्मर आईडी व लैंड आईडी तैयार किया जाएगा इसमे पीएम किसान सम्मान निधि से लाभांवित किसान भी शामिल होंगे।

## सार समाचार

### 307 क्विंटल अवैध धान जब्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अन्य राज्यों से आने वाले अवैध धान तथा कोचियों, बिचौलियों द्वारा धान की अवैध खरीदी एवं बिक्री पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। अन्य राज्यों से आने वाले अवैध धान की रोकथाम हेतु जिले के तीन सीमावर्ती स्थानों वनोपज जांच चौकी कल्लूबंजारी, वनोपज जांच चौकी बोरतलाब एवं साल्हेकला अछोली क्षेत्र, अंतर्राज्यीय सीमा जांच चौकी बागनदी (पाटेकोहरा) पर चेकपोस्ट बनाया गया है। जिसमें पुलिस, वन विभाग, मंडी एवं नगर सेना के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा 24 घंटे निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में निगरानी टीम द्वारा ग्राम पनियाजोब में वाहन जांच के दौरान ग्राम तुमसर महाराष्ट्र से आ रहे एक ट्रक में लोड 307 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया। खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी ने बताया कि डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम परियाजोब में नियमित वाहन चेकिंग के दौरान ग्राम तुमसर महाराष्ट्र से धमतरी धान परिवहन कर रहे ट्रक का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर जब्ती की कार्रवाई की गई। जांच के दौरान ट्रक में 307 क्विंटल अवैध धान पाया गया। जब्त धान का मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य एवं राजस्व विभाग द्वारा जिले में अवैध धान खरीदी एवं बिक्री करने वाले कोचियों, बिचौलियों और परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।



### मुख्यमंत्री के हाथों निरीक्षक विनय सम्मानित

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा वर्ष 2024 में सायबर अपराध में उत्कृष्ट विवेचना करने वाले विवेचक एवं सायबर पखवाड़ा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सायबर वॉलिंटियर्स को पुरस्कृत किया गया। पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर संबर को नवीन सायबर भवन उद्घाटन समारोह कार्यक्रम के दौरान मुख्यामंत्री विष्णुदेव साय द्वारा वर्ष 2024 में सायबर अपराध में उत्कृष्ट विवेचना एवं सायबर पखवाड़ा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सायबर वॉलिंटियर्स विनय साहू को सर्टिफिकेट व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही जिले के अन्य सायबर में उत्कृष्ट कार्य करने के फलस्वरूप प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक विनय कुमार पम्मार को ''सायबर कॉप ऑफ द ईयर'' सर्टिफिकेट व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।



### एक दिवसीय शिविर में 96 का बना कार्ड

**राजनांदगांव।** आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनांतर्गत प्रतिवर्ष प्रति परिवार को 5 लाख रुपए तक का बीमारी के उपचार कर स्वास्थ्य लाभ के लिए आयुष्मान कार्ड बनाए जाने आम्बेडकर सेवा समिति भरकापारा वार्ड क्र. 28 में एक दिवसीय शिविर का आयोजन 5 दिसंबर को पार्षद राजेश जैन (रानू) द्वारा किया गया। उक्त समयावधि में लगभग 96 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड शिविर में बनाया गया। शिविर में जीत परिहार, स्वास्थ्य विभाग, वार्ड मितानिन सरोज गिरिपुंजे, समिति अध्यक्ष शीला हेड़ाऊ द्वारा एक दिवसीय आयुष्मान कार्ड शिविर को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया गया। शिविर के शुभारंभ अवसर पर पार्षद राजेश जैन (रानू) राहुल सोनपीपरे, भाजपा कार्यकर्तागण एवं वार्डवासी उपस्थित रहे। आगामी 9 दिसंबर को एक दिवसीय शिविर का पुनः आयोजन वार्ड क्र. 28 तिलक वार्ड के इंदिरा सरोवर स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित होगा।



### श्रमिक पखवाड़े को मजदूरों का व्यापक समर्थन



**राजनांदगांव।** भारतीय मजदूर संघ अपनी स्थापना का 70वें वर्षगांठ पर सालभर विभिन्न स्तरों पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए हैं। प्रतिदिन भामसं कार्यकर्ताओं की अनेक टोलियां जिले व समीपवर्ती जिले में मजदूरों से जगह-जगह उनके कार्यस्थल पर जाकर संपर्क कर रहे है। इस दौरान भामसं कार्यकर्ता भारतीय मजदूर संघ के इतिहास से लेकर संघर्ष तक की पटकथा का पत्रक मजदूरों के मध्य वितरित कर रहे हैं।

भामसं के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने बताया कि पिछले तीन दिनों में भामसं कार्यकर्ताओं ने छुरिया विकासखंड के अनेक ग्रामों, समीपवर्ती खैरागढ़ जिले के गिट्टी खदान, ठेलकाडीह व मोहला जिले के गैंदाटोला व रेंगाकठेरा सेक्टर में मजदूरों के बीच व्यापक जनसंपर्क करते कहा कि भारतीय मजदूर संघ राष्ट्रहित, उघोगहित व मजदूरहित के विचारों से ओतप्रोत होकर मजदूर क्षेत्र में काम करता है।

इस दौरान योगेशदत्त मिश्रा, अल्का बारसागढ़े, धनेश्वरी साहू, भारती शर्मा, हेमंत साहू, चेतन साहू, पुनाराम वर्मा, चंद्रशेखर, गोविंद साहू, विश्राम, केशवराम सिन्हा, ठाकुरराम सहित बड़ी संख्या में खैरागढ़ व मोहला सहित राजनांदगांव जिले के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा के बूथ अध्यक्षों का चुनाव संपन्न

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी चुनाव महापर्व अभियान के तहत अपने मिशन में युद्ध स्तर पर जुट चुकी है। शक्ति केंद्र क्रमांक 9 के चुनाव अधिकारी कमल सोनी ने बताया कि प्रक्रिया के तहत 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्षों के चुनाव संपन्न करने हेतु मंडलों में जितने भी बूथ हैं, सभी के चुनाव संपन्न करने हेतु बूथ अध्यक्षों की चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसी तारतम्य में चुनाव अधिकारी कमल सोनी ने वार्ड क्रमांक 42 व 46 में चुनाव प्रक्रिया का पालन करते फॉर्म ग़ के तहत प्रस्तावक एवं सहमति का पूर्ण रूप से पालन करते बूथ क्रमांक 51 में आजूराम साहू की बूथ अध्यक्ष के रूप में घोषणा की गई। इसी तरह से बूथ क्रमांक 54 में विजय देवांगन, बूथ क्रमांक 53 में शिव साहू एवं बूथ क्रमांक 55 में टिकेश्वर सिंह ठाकुर अध्यक्ष बनाए गए।



## एकल अभियान के तहत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

# सुदूर वनांचल क्षेत्र से पहुंचकर खेल कला का जौहर दिखा रहे स्कूली बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एकल अभियान के तहत अभ्युदय यूथ क्लब के माध्यम से वनांचल क्षेत्र के बच्चों के बीच छुपी खेल प्रतिभा को निखारने प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शहर के गायत्री स्कूल परिसर में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का आज शुभारंभ किया गया।

एकल अभ्युदय अभियान के तहत 8 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के बीच दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 7 से 8 दिसंबर तक आयोजित होने वाली इस खेल प्रतियोगिता में प्रदेशभर के लगभग 600 बच्चे हिस्सा ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता के दौरान प्रदेश के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र से पहुंचे बच्चों के बीच कबड्डी, कुश्ती, खो-खो, ऊंची कूद, लंबी कूद की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को आगामी दिनों में भुवनेश्वर में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा।



### समापन में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर प्रतियोगिता के संभाग प्रमुख कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि इस प्रतियोगिता में दंतेवाड़ा, सुकमा, सरगुजा के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र से बच्चे पहुंचे हैं। इस आयोजन का उद्देश्य वनवासी बच्चों की खेल प्रतिभा को निखरना है। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि वनांचल क्षेत्र के बच्चे एशियन गेम्स और ओलंपिक में देश के लिए मेडल लेकर आए। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के समापन अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे और विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण करेंगे।

### प्रतिभा निखारने आयोजन

दमखम के मामले में छत्तीसगढ़ के वनांचल क्षेत्र के बच्चों में कोई कमी नहीं है। जरूरत है तो इन खिलाड़ियों में छुपी प्रतिभा को मंच देकर सामने लाने की। एकल अभियान के तहत इन प्रतिभावान बच्चों को तराशा जा रहा है और उन्हें स्थानीय, संभागीय, प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता के जरिये राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए तैयार किया जा रहा है।

### प्रतियोगिता का समापन आज

वनवासी बच्चों की मार्च परेड शहर में निकली राजनांदगांव। अनौपचारिक शिक्षा पद्धति द्वारा गांव के 6 से 14 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं को एकल विद्यालय द्वारा शिक्षण कार्य कराया जाता है, जिन्हें वर्ष में एक बार खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से मंच प्रदान किया जाता है। जिससे गांव के छोटे-छोटे बच्चे ओलंपिक तक खेलकर आगे बढ़ सकते हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में 7 एवं 8 दिसंबर को गायत्री विद्यापीठ में वनवासी बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज हुआ। अभ्युदय यूथ क्लब के अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह रविवार को दोपहर 2 से 4 बजे तक गायत्री विद्यापीठ के ऑडिटोरियम में संपन्न होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडे तथा विशेष अतिथि बृजकिशोर सुरजन, विनोद बोहरा, मनोज बैद, विजय गंगवानी एवं राधेश्याम नायक उपस्थित रहेंगे। एकल संभाग के संरक्षक नंदकिशोर सुरजन एवं प्राथमिक शिक्षा समिति के अध्यक्ष नीरज बाजपेई ने इस महत्वपूर्ण समारोह में संस्कारधानी के सभी प्रबुद्धजनों से उपस्थिति का आह्वान किया है।

### आयुक्त ने किया टांकाघर का निरीक्षण

**राजनांदगांव।** नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा शुक्रवार को टांकाघर का आकस्मिक निरीक्षण कर जल, विद्युत एवं मोटर विभाग के प्रभारियों से उनके कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों की संख्या, कार्य का समय, पानी टेंकर, सफाई संबंधी गाड़ी के अलावा विद्युत की जानकारी ली। मोटर विभाग के प्रभारी टैंकर तथा जेसीबी आदि के बारे में कहा कि प्रतिदिन सुबह 9 बजे से मांग अनुसार वार्डों एवं आयोजनों में टेंकर सप्लाई की जाती है। स्वास्थ्य विभाग के कार्यों के लिए जेसीबी टिप्पर, ट्रेक्टर भी सुबह निकल जाते हैं तथा डिवाईडर एवं पेड़ पौधे में सिंचाई की जाती है। आयुक्त ने सभी गाड़ियों की आवश्यक मेन्टेनेंस व मरम्मत करने के निर्देश दिए और कहा कि आवश्यकतानुसार प्राथमिकता के आधार पर वाहनों का संचालन पेयजल व सफाई में किया जाए।

आयुक्त विश्वकर्मा ने टांकाघर स्थित टंकियों से शहर में पानी सप्लाई होने वाले क्षेत्रों की जानकारी लेते जल विभाग के प्रभारी से कहा कि पेयजल संबंधी शिकायतों में क्षतिग्रस्त पाईप लाइन, गंदे पानी आने, कम पानी आने आदि का यथासंभव जल्द निराकरण करें, आवश्यक सामग्री का भंडारण रखे। सभी कर्मचारी प्रातः जल्दी काम पर आकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें एवं शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें।

# कलाकारों को मंच देने दो दिवसीय राष्ट्रीय कौशिकी स्पर्धा का आयोजन

**राजनांदगांव।** शहर के वेसलियन स्कूल ऑडिटोरियम में नवोदित कलाकारों को मंच देकर उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से आकार इंस्टीट्यूट ऑफ कथक और वेदश्री कला संगम द्वारा 7 और 8 दिसंबर को दो दिवसीय राष्ट्रीय कौशिकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। अखिल भारतीय संगीत, नृत्य एवं ललित कला प्रतियोगिता के इस आयोजन में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक सहित देश के कई राज्यों से लगभग 500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है।



### बच्चों ने दिखाया जौहर

राष्ट्रीय कौशिकी प्रतियोगिता के आयोजन में नृत्य, गायन, वादन, चित्रकला, फोटोग्राफी की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। जिसमें कलाकार अपनी कला का जौहर दिखा रहे हैं।

### मनमोहक प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध

देशभर के कई राज्यों से पहुंचे स्कूली विद्यार्थियों ने एकल नृत्य की अलग-अलग विधाओं में काफी मनमोहक प्रस्तुति दी। बच्चों द्वारा मंच पर कथक, भरतनाट्यम की प्रस्तुति ने आयोजन को गरिमामय बना दिया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में करंट अफेयर, ग्लोबल वार्मिंग, भारत आपकी नजरों से जैसी थीम पर विद्यार्थियों ने अपनी सोच को कैनवास पर खूबसूरत तरीके से उकेरा और चित्रकला के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया।

आयोजन को लेकर डॉ. चंदन सिंह और ख़ुशी जैन ने बताया कि कौशिकी शास्त्री नृत्य को समर्पित है, लेकिन इसमें सभी विधाओं को लिया गया है। उन्होंने बताया कि नवोदित कलाकारों को मंच देने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी विद्या में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

### पृष्ठ 11 का शेष

#### नाबालिग से कुकर्म...

सागर मध्यप्रदेश से नीरज पटेल के कब्जे से सुरक्षित बरामद किया गया है। तत्पश्चात बालिका का महिला पुलिस अधिकारी से कथन कराया गया। नाबालिग बालिका को दिनांक, घटना व समय को आरोपी नीरज पटेल द्वारा शादी करने का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले जाकर दुष्कर्म करने की पुष्टि होने पर मामले में धारा 363, 366(क), 376(2)(ढ) भादवि 4, 6 पॉक्सो एक्ट 2012 जोड़ी गई। विवेचना के दौरान आरोपी नीरज पटेल को हिरासत में लेकर घटना के बारे में पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी नीरज पटेल 24 वर्ष निवासी ग्राम केसली जिला सागर मध्यप्रदेश को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

# नीरज स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**राजनांदगांव।** नीरज पैरेन्ट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग के कक्षा 1 के छात्रों को शर्मा बेकरी का भ्रमण कराया गया। जिसमें बच्चों को बेकरी में बनने वाले भिन्न-भिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों को बनाने के संबंध में बताया गया। जिसमें केक एवं पेस्ट्री के संबंध में जानकारी दिए जाने पर बच्चों का ध्यानाकर्षण रहा। कक्षा 2 के छात्रों को राजनांदगांव रेलवे स्टेशन भ्रमण कराया गया।



उक्त भ्रमण में बच्चों को नवनिर्माणाधीन रेलवे स्टेशन संबंधित बातें बताई गई। इसके साथ ही बच्चों को रेलवे स्टेशन संबंधित संपूर्ण जानकारियां। बच्चों के जिज्ञासा भरे प्रश्नों को बच्चों के अनुसार समझाया गया।

उक्त स्टेशन भ्रमण के दौरान राजेश कुमार बर्मन स्टेशन मैनेजर राजनांदगांव एवं रवि का योगदान सराहनीय रहा, जिन्होंने बच्चों को सभी प्रकार की जानकारी प्रदान की। इस अवसर भ्रमण समाप्ति पश्चात स्कूल संचालक नीरज बाजपेयी एवं सोनल बाजपेयी ने स्टेशन मैनेजर एवं उनकी टीम को उक्त सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कक्षा शिक्षिकाओ-शिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ द्वारा सुरक्षा चक्र बनाकर बच्चों को बीच में रखकर यह भ्रमण कराते छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। उक्त अवसर पर शाला प्राचार्य ईला राठौर, उपप्राचार्य आरती पिल्लई उपस्थित रही।

### पीएम आवास योजना 2.0 के लिए शहरों में लगे कैम्प

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के क्रांतिकारी सोच सभी के सिर हो अपने घर की छत को पूरा करने विष्णुदेव की सरकार लगातार लोगों तक पहुंच रही है। छत्तीसगढ़ की इस सार्थक पहल की सफलता शहरी क्षेत्रों में आवासहीनों को आवास की सुविधा देकर ही की जा सकती है। राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर शहरों में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के द्वितीय चरण की शुरूआत के लिए शहरों में शिविर लगाने की मांग की है। उन्होंने पत्र में कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के नियमों आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति हेतु शिविर लगाया जाना चाहिए। प्रदेशभर में शिविर के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी जैसी महत्वाकांक्षी योजना का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकें।

# तम्बाकू उत्पाद बिक्री नियमों का उल्लंघन, कार्रवाई

**खैरागढ़।** सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने वालों एवं नियमों की अवहेलना कर तंबाकू उत्पाद की बिक्री करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश गौतम, लालचंद मोहले पुलिस अनुविभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी खैरागढ़ अनिल शर्मा के नेतृत्व में थाना खैरागढ़ पुलिस स्टाफ द्वारा तंबाकू उत्पाद विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर चेकिंग अभियान चलाया गया।

### चालानी कार्रवाई

पुलिस के अनुसार नियमों की अवहेलना कर तम्बाकू उत्पाद बिक्री करने वाले 8 एवं सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान कर स्वयं एवं दूसरे का स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पहुंचाने वाले 5 व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्रवाई की गई।

### पुलिस का चेकिंग अभियान

जिले में कोटपा एक्ट के प्रभावी अनुकरण के लिए जिले के सभी थाना प्रभारियों के माध्यम से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए गए हैं, जिस पर थाना प्रभारी खैरागढ़ द्वारा त्वरित टीम का गठन कर टीम द्वारा शैक्षणिक संस्थानों के आसपास पान दुकानों, किराना दुकानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर संचालित तंबाकू उत्पाद बिक्री केंद्र विक्रेताओं का चेकिंग कर कोटपा अधिनियम 2003 के प्रावधान 4 व 6 के उलंघन करते पाए जाने पर अधिनियम के प्रावधानों के पालन करने की समझाइश देते 13 चालानी कार्रवाई की गई।

# गांवों में विकास कामो का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर ग्राम पंचायत टेड़ेसरा-सांकरा एवं धीरी पहुंचे थे। उन्होंने करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन निर्माण त्रिमूर्ति मंदिर, वार्ड क्रमांक 6 व 7 में मंच में शेड निर्माण कार्य, व्यवसायिक परिसर निर्माण, नक्टा तालाब में में पचरी निर्माण, गौठान में आजिविका मिशन शेड निर्माण, शासकीय नवीन शाला में आहता जीर्णोद्वार, शीतला मंदिर जीर्णोद्वार, पशु आश्रम सुरक्षा कार्य, सत्य कबीर पंथ श्री हुजूर प्रकाशमुनी साहेब कुटी सामुदायिक भवन निर्माण, अटल आवास में सांस्कृतिक मंच निर्माण, पंचायत के सामने मंच में शेड निर्माण, दगदेवा तालाब में निर्मला घाट निर्माण कार्य सहित सांकरा में किसान कुटीर निर्माण कार्य का लोकार्पण कर जनता को समार्पित किया। वहीं धीरी में राधे चरण साव सामुदायिक भवन का भी लोकार्पण किया गया। ग्राम पंचायत टेड़ेसरा में आयोजित लोकार्पण समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने सत्य कबीर पंथ श्री हुजूर प्रकाशमुनी साहेब कबीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण एवं पूजा -अर्चना कर समारोह का शुभारंभ किया।




इस अवसर पर सरपंच एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भागवत साहू द्वारा मुख्य अतिथि पूर्व सीएम श्री बघेल व अध्यक्षता कर रहे डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, विशिष्ट अतिथि खुज्जी विधायक भोलराम साहू, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल, भागवत साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ राजनांदगांव, अंगेश्वर देशमुख, प्रमोद साहू उपाध्यक्ष श्री सदगुरू कबीर धर्म गुरु दामाखेड़ा, खिलेश्वरी साहू सभापति जनपद पंचायत राजनांदगांव, नवाज खान पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक एवं महापौर हेम देशमुख का स्वागत किया।

स्वागत भाषण देते जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि टेड़ेसरा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का विशेष स्नेह है। आज जो टेड़ेसरा में विकास निर्माण कार्य हुए हैं, वह सब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार द्वारा जारी धनराशि से संभव हो पाया है और आज यह भी संयोग है कि उन्हीं के करकमलों से लोकार्पण किया जा रहा है। श्री साहू ने इसके लिए क्षेत्रवासियों की ओर से भूपेश बघेल का आभार जताया।

अध्यक्षता करते डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू ने कहा कि भूपेश सरकार ने मुझे पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण का दायित्व सौंपा था और मेरे द्वारा उस जिम्मेदारी को बखूबी निर्वहन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सरपंच दानीबाई साहू के अथक प्रयास से आज आपके क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत से हुए विकास निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया है।

इस अवसर पर जितेंद्र मुदलियार, पंकज बांधव, महेंद्र यादव, चुम्मन साहू, तुलदास साहू, सुनील कोठारी, लक्की चंद्राकर, देवलाल साहू, रमाकांत साहू, प्रमोद साहू, मोरध्वज साहू, रवीना टंडन, लेखू टंडन, टिंकू साहू, बच्चन देशमुख, टीकम साहू, प्रतिभा बंजारे, सोमनाथ निषाद, घनश्याम साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# अतिक्रमण दस्ते ने इंडस्ट्रीयल एरिया एवं कौरिनभाठा रोड से हटाया ठेला

**राजनांदगांव।** शहर में अतिक्रमण कर ठेला-खोमचा एवं पसरा लगाने वालों को समझाईस देने व हटाने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित निगम का अतिक्रमण दस्ता आज ममता नगर इंडस्ट्रीयल एरिया एवं बसंतपुर कौरिनभाठा रोड में अवैध रूप से दुकान संचालित करने रखे ठेला को बीते दिनों हटाने की कार्रवाई की और इसी प्रकार अन्य स्थल में रखे ठेला-खोमचा वालों को हटाने समझाईस दी जा रही है।

शहर के चौक-चौराहों एवं रोड में अतिक्रमण कर अनाधिकृत रूप से पसरा एवं ठेला-खोमचा लगाकर अधिकांश लोगों द्वारा व्यवसाय किया जाता है। जिससे यातायात बाधित होती है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जिसे ध्यान में रखकर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने निगम के भवन अधिकारी एवं अतिक्रमण दस्ता को अनाधिकृत पसरा हटाने तथा ठेला-खोमचा वालों को व्यवस्थित लगाने समझाईस देने के निर्देश दिए। निर्देश के अनुक्रम में निगम का दस्ता ठेला-खोमचा हटाने तथा दुकान का सामान दुकान की सीमा में रखने समझाईस दे रहे हैं। साथ ही कार्रवाई भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में इंडस्ट्रीयल एरिया में सड़क किनारे ठेला रखकर सेलून, पान ठेला व साइकिल मरम्मत दुकान का संचालन किया जा रहा था। उसी प्रकार बसंतपुर-कौरिनभाठा रोड में नाली के उपर ठेला लगाने प्लेटफार्म बनाया जा रहा था, जिसे हटाने समझाईस दी गई थी, नहीं हटाने पर आज उक्त दोनों क्षेत्र से ठेला हटाने की कार्रवाई की गई। आयुक्त विश्वकर्मा ने अपील करते कहा कि शहर के चौक-चौराहों एवं रोड में पसरा व ठेला-खोमचा न लगाएं। रोड में पसरा आदि लगाने से यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा कि निगम का अतिक्रमण दस्ता हटाने की कार्रवाई करेगी, उससे पूर्व हटा लें अन्यथा बिना सूचना हटाने की कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण हटाने के दौरान उप अभियंता अनिमेष चंद्राकर, प्र. पटवारी मिलीन्द रेड्डी व गणेश झा सहित अतिक्रमण दस्ता उपस्थित था।



### पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश जिला ईकाई राजनांदगांव की मासिक बैठक 8 दिसंबर को स्थानीय ठा. प्यारेलाल हाईस्कूल में रखी गई है। बैठक में नगरकोट (धमतरी) में संगठन के स्थापना दिवस पर होने वाले सम्मेलन में भाग लेने पर चर्चा की जाएगी। जिले के महामंत्री सुधीर शेंडे ने जिला तहसील, नगर ग्रामीण ईकाई के पदाधिकारियों व सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।


हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 8 दिसंबर 2024



## मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष आज शहर में

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय रविवार को राजनांदगांव के दौरे पर रहेंगे। यहां वे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रविवार दोपहर 2 बजे रायपुर हेलीपैड से राजनांदगांव के लिए रवाना होंगे। यहां दोपहर 2.25 राजनांदगांव पीटीएस मैदान पहुंचेंगे, जहां से कार द्वारा दोपहर 2.30 बजे डोंगरगांव रोड स्थित नवनिर्मित ब्रह्माकुमारीज ज्ञान मानसरोवर भवन का उद्घाटन करेंगे। दोपहर 3.10 पर मुख्यमंत्री राजनंदगांव के गायत्री स्कूल परिसर में आयोजित हो रही एकल अभियान के खेल प्रतियोगिता में शामिल होंगे और खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण करेंगे। दोपहर 4.15 पर मुख्यमंत्री पीटीएस मैदान पहुंचेंगे और राजधानी रायपुर के लिए रवाना होंगे।

### माय एंगल




### सोमवार से पटरी पर लौट सकती है परिवहन प्रक्रिया, मिलर्स माने

# नहीं थमेगी खरीदी: मिलर्स का अनुबंध शुरू, दोगुना ट्रकों के जरिये होगा उठाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर में मिलर्स द्वारा उठाव से दूरी बनाए रखने के कारण परिवहन ठप है। अविभाजित राजनांदगांव जिले में भी उपार्जन केंद्रों में 34 लाख क्विंटल से अधिक धान जाम पड़ा हुआ है। प्रशासन अपने स्तर पर उठाव करा रहा है, लेकिन वह नाकाफी साबित हो रहा था। ऐसे में अब मिलर्स ने भी अपना आंदोलन छोड़ उठाव के लिए अनुबंध कराना शुरू कर दिया है। इस स्थिति में सोमवार से दोगुना ट्रकों के जरिये उठाव होता नजर आएगा। पहले उन केंद्रों से धान का उठाव होगा, जहां बफर लिमिट से तीन गुना धान जाम है।

उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव, मोहला-मानपुर, खैरागढ़ जिले में करीबन 150 केंद्र बफर लिमिट से पार हो गए हैं। ऐसे में किसानों से धान खरीदी करने में दिक्कतें आ रही थी। उठाव की सुस्त रफ्तार से परेशान होकर समिति प्रबंधकों ने भी शुक्रवार को खरीदी बंद करने की चेतावनी दी थी। हालांकि शनिवार को प्रदेशभर में मिलर्स मान गए हैं और जिले में भी मिलर्स ने अपना पंजीयन कराना शुरू कर दिया है। सोमवार से उठाव पटरी पर लौट सकता है। हालांकि शुरूआती एक सप्ताह में स्थिति बहुत ज्यादा नहीं सुधर पाएगी।



### उठाव के लिए सड़कों पर दौड़ेंगे तीन सौ वाहन!

मौजूदा स्थिति में प्रशासन ने टेंडर के जरिये उठाव शुरू कराया है। प्रशासन के मुताबिक लगभग डेढ़ सौ वाहनों के जरिये परिवहन सुनिश्चित कराया जा रहा है। वहीं अब मिलर्स द्वारा भी अनुबंध कराने से वाहनों की संख्या में इजाफा होगा। बताया गया कि जिले में करीबन 70 से 80 मिलर्स अपना अनुबंध कराएंगे। हर मिलर्स दो से तीन वाहन भी उठाव के लिए लगाता है तो जिलेभर में तीन सौ से अधिक वाहन उठाव के काम में लग जाएंगे।

### 90% केंद्र बफर लिमिट से पार

मिली जानकारी के अनुसार चार जिलों को मिलाकर कुल 282 उपार्जन केंद्रों के जरिये किसानों से धान खरीदी की जा रही है। इनमें 254 केंद्रों में बफर लिमिट पार हो गई है। जिलेवार आंकड़े देखें तो राजनांदगांव जिले के 96 उपार्जन केंद्रों में 89 में बफर लिमिट पार हो गई है। ऐसे ही खैरागढ़ जिले में 51 में 46, मोहला-मानपुर जिले में 27 में 24 और कवर्धा जिले के 108 उपार्जन केंद्रों में 95 में बफर लिमिट से अधिक खरीदी कर ली गई है।

### प्रबंधकों ने कहा: अब नहीं रोकेंगे खरीदी

शुक्रवार तक उठाव की सुस्त रफ्तार से परेशान होकर समिति प्रबंधकों ने सोमवार से खरीदी बंद करने की चेतावनी दे दी थी, लेकिन शनिवार से मिलर्स का अनुबंध शुरू होने से उन्होंने अपना फैसला टाल दिया है। समिति प्रबधंक के अध्यक्ष श्री देवांगन ने बताया कि मिलर्स द्वारा उठाव होने से स्थिति सुधरने की उम्मीद है। जिसके चलते खरीदी बंद करने का फैसला टाल दिया गया है।

### हर रोज उठ रहा 45 हजार क्विंटल धान

अविभाजित राजनांदगांव जिले में अब तक कुल 2.17 लाख क्विंटल धान का उठाव पूरा हो चुका है। राजनांदगांव जिले में 99938 क्विंटल, खैरागढ़ जिले में 102270 क्विंटल एवं मोहला-मानपुर जिले में 15180 क्विंटल धान उठ चुका है। वहीं रोजाना की बात करें तो शुक्रवार को 44220 क्विंटल धान उठाया गया था। गुरुवार को 47238 क्विंटल धान उठाया गया था। ऐसे में वाहनों की संख्या बढ़ने से रोजाना उठाए जाने वाले धान की मात्रा में भी दोगुना इजाफा होगा।

# रात को घर में घुसकर डरा-धमकाकर पैसों की मांग

### आरोपी पुलिस की गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रात में घर में घुसकर चाकू दिखाकर डरा-धमकाकर पचास हजार रुपए की मांग करने एवं चाकू से हमला करने का प्रयास करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा 5 दिसंबर की रात्रि में थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात्रि करीबन साढे 9 बजे गांव का डोमेशर पडोती एवं उसके दो अन्य साथी उसके घर आकर दरवाजा खटखटाए।

प्रार्थी द्वारा दरवाजा खोलने पर आरोपियों ने चाकू दिखाकर 50000 रुपए की मांग किया। नहीं देने पर अश्लील गालियां एवं जान से मारने की धमकी देते चाकू से वार करने का प्रयास कर रहा था। बीच-बचाव करते समय उसकी पत्नी एवं उसे हाथों में चाकू से चोंटे आई है।

रिपोर्ट पर थाना छुरिया में धारा 296, 118(1), 351(2), 119 (1), 3(5) बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### वेन एवं चाकू जब्त

पुलिस इस मामले में आरोपियों की सरगर्मी से पतासाजी कर रही थी। इस दौरान मुखबीर सूचना मिलने पर आरोपी डोमेश्वर पडोती को ग्राम ठाकुरटोला, श्रवण उईके को ग्राम बजरंगीडीह एवं अश्वन गोड को ग्राम बरगा से घटना के संबंध में पूछताछ किया गया, जो उक्त अपराध घटनाकारित करना स्वीकार करने से विधिवत गिरफ्तार किया गया। ओरापियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 1 नग चाकू एवं मारूति वेन को जब्त किया गया। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी छुरिया संतोष कुमार भुआर्य, सहायक उपनिरीक्षक एसएल कंवर, आरक्षक देवीलाल साहू, फुलेन्द्र राजपूत, सत्येन्द्र कुमार डहरे, द्वारिका कलारी, भुनेश्वर वर्मा एवं अन्य थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

**0 राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी-कर्मचारी संघ अजाक्स द्वारा आयोजित भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर संविधान की हीरक जयंती तथा क्रांतिवीर बिरसा मुंडा जयंती समारोह का आयोजन 8 दिसंबर को डॉ. अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सिविल लाइन राजनांदगांव छत्तीसगढ़ में 11.30 से 4:30 बजे तक संपन्न होगा।

# सर्वे के नाम पर निकाला लोन, 5 लाख की धोखाधड़ी, एक फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



धोखाधड़ी कर राशि गबन कर फरार हुए एक निजी बैंक के पूर्व मैनेजर को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम, एसडीओपी लालचंद मोहले के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी खैरागढ़ अनिल शर्मा के नेतृत्व में 2023 से फरार आरोपी परमेश्वर पटेल को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी रोमित कुमार साहू 28 साल निवासी टप्पा पुलिस चौकी तुमडीबोड़ हाल भारत फाइनेंशियल इंकलूजन लिमिटेड शाखा खैरागढ़ द्वारा लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि भारत फाइनेंशियल इंकलूजन लिमिटेड में आरोपी परमेश्वर पटेल संगम मैनेजर के पद पर कार्य करता था। आरोपी परमेश्वर पटेल द्वारा अपने पद में कार्यरत रहते हुए 11 सदस्यों से सर्वे के नाम पर लोन स्वीकृत कराकर एवं लोन का रकम स्वयं उपभोग कर गबन करने व 4 अन्य ग्राहकों से लोन की राशि जमा करने के लिए राशि प्राप्त कर लोन की राशि जमा नहीं करना एवं 3 ग्राहकों के नाम से लोन पास कर स्वयं जमा करने का झांसा देकर एवं 1 ग्राहक से लोन की राशि जमा करने व अधिक लोन स्वीकृत करने के नाम से स्वयं लोन निकालकर कुल 492367 रुपए (चार लाख ब्यानबे हजार तीन सौ सडसठ) की धोखाधड़ी व गबन कर कंपनी एवं आम जनता को आर्थिक नुकसान पहुंचाया है। रिपोर्ट पर आरोपी परमेश्वर पटेल के खिलाफ धारा 420, 406, 408 भादवि दर्ज किया गया था।

### पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपी घटना दिनांक से ही अपने निवास स्थान से फरार होकर मोबाईल नंबर बदलकर अन्य स्थान में निवास कर रहा था, जिसे थाना खैरागढ़ पुलिस द्वारा मुखबीरों से जानकारी प्राप्त कर 6 दिसंबर को जिला बिलासपुर से गिरफ्तार किया गया, जिसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### सशस्त्र सेना झंडा दिवस

# शहीद परिवारों का किया सम्मान, राशि भी जुटाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय में सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिक, परिजन और कलेक्टर संजय अग्रवाल शामिल हुए। इस दौरान सैनिक और उनके परिवारों के कल्याण के लिए सहायता दान राशि जुटाई गई। प्रतिवर्ष 7 दिसंबर को सेना में कार्यरत कर्मियों और उनके परिवार के कल्याण और सहयोग के लिए आयोजित होने वाले सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर शहर में भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के बीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जवानों के लिए स्वेच्छिक अनुदान राशि सशस्त्र सेना के प्रतीक विशेष झंडे को बांटकर एकत्रित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस सशस्त्र बलों के सभी जांबाज सैनिकों को नमन करने का दिन है। हम सब इस दिवस पर सैनिक कल्याण के कार्यों के लिए अपना सहयोग कर सकते हैं।

### झंडा वितरण किया गया

आयोजन को लेकर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के कल्याण संयोजाक अविनाश चंद्रपंथ ने बताया कि आज के दिन एक विशिष्ट प्रकार का झंडा सभी लोगों को वितरित किया जाता है और स्वेच्छिक अनुदान राशि जुटाई जाती है। यह राशि शहीद परिवारों के कल्याण में खर्च की जाती है। आयोजित कार्यक्रम में सशस्त्र सेना के छोटे-छोटे झंडों का वितरण कर शहीद परिवारों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक और उनके परिजन उपस्थित थे।

# नाबालिग से कुकर्म, आरोपी मध्यप्रदेश से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

एक नाबालिग को बहला-फुसला कर अपने साथ भगा ले जाने एवं शादी करने का झांसा देकर कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 6 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 4 अप्रैल 2023 को इसकी नाबालिग लड़की उम्र 16 वर्ष 5 माह घर से बिना बताए कहीं चली गई है, जो घर वापस नहीं आई है। अंदेशा है कि नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर अपहरण कर कहीं ले गया है। रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में धारा 363 भादस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

**पुलिस ने की कार्रवाई-** पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका एवं अज्ञात आरोपी की लगातार पता तलाश किया जा रहा था। इस दौरान मुखबीर की सूचना पर निरीक्षक अनिल शर्मा थाना प्रभारी खैरागढ़ के नेतृत्व में टीम बनाकर ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग बालिका को दीगर राज्य

⏩ शेष पेज 14 पर

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

| 24 घंटे आपात चिकित्सा | स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ |
|---|---|
| • एक्सीडेंट | • बच्चेदानी का ऑपरेशन |
| • जहर का सेवन | • बांझपन का ईलाज |
| • लीवर फेलयर | • मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज |
| • किडनी फेलयर | • गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज |
| • हार्ट अटैक | • नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/- |
| • ब्रेन हेमरेज | |
| • पीलिया • लकवा | |

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



## घरो-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने मरम्मत, सुधार व निर्माण कार्य की तैयारी जोरों पर

# नल जल योजना से दौजरी ग्रामीणों को मिलेगा शुद्ध पेयजल का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत दौजरी में शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत क्षेत्र में घरों घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदार ठेकेदार द्वारा ग्राम दौजरी में विशाल पानी टंकी का निर्माण कार्य जोर शोर से किया जा रहा है, ताकि ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकें।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम दौजरी में ठेकेदार व विभागीय अधिकारियों द्वारा लाखों रुपए की लागत से बनकर तैयार हो चुके वहीं घरों-घर पाइप लाइन बिछाई तथा नल कनेक्शन घरो-घर निर्माण कार्य कराए गए हैं। जिसकी तैयारी में ठेकेदार सुधार व मरम्मत कार्य में जुटे हुए हैं।

वहीं जल्द ग्राम दौजरी के रहवासियों को बहुत जल्द ही जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना का लाभ ग्रामीणों को मिलेगी। शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना से घरों घर शुद्ध मीठा पानी का लाभ ग्रामीणों को मिलने वाले हैं जिसकी तैयारी ठेकेदार द्वारा लीकेज पाइप टूट गए हैं उसकी मरम्मत व सुधार किया जा रहा है ताकि ग्रामीण नागरिकों को इसका लाभ जल्द मिल सके।



### शुद्ध पेयजल से ग्रामीणों का जीवन सरल व पानी की समस्या का होगा समाधान, उत्साह का माहौल

ग्राम दौजरी में विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदार ठेकेदार द्वारा घरों घर शुद्ध पेयजल के लिए पाइप लाइन व नल जल मिशन योजना से सभी ग्रामीणों में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है। वहीं ग्राम दौजरी के समस्त लोगों के सहमति से हर घर जल सर्टिफिकेशन कराया गया। जिससे विशेष कर गर्मियों में तालाब के सूखने एवं हैण्ड पंप खराब व पानी कम हो जाने के कारण दैनिक उपयोग एवं पालतू पशुओं के पेयजल का समस्या उत्पन्न से जुझना पड़ता था लेकिन अब नल जल जीवन मिशन योजना से प्रत्येक घर में शुद्ध पेयजल प्रदाय होने से ग्रामीणों का जीवन सरल व पेयजल की समस्या का समाधान होगा जिस पर रहवासियों ने जल जीवन मिशन योजना ग्रामीणों के जीवन में खुशियों लेकर आया है। वहीं समस्त ग्रामवासियों ने शासन प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान से स्वास्थ्य में होगा सुधार : भट्ट

- निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान का शुभारंभ
- निक्षय वाहन रथ को मुख्य अतिथि ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शहर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट एवं जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज व जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी ने अभियान का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए बताया कि इसका उद्देश्य जिले में टीबी और कुष्ठ रोगियों की त्वरित खोज, जांच तथा शीघ्र उपचार करना है साथ ही साथ वयोवृद्ध लोगों की देखभाल कर उन्हें रोगमुक्त करना भी अभियान का हिस्सा है।

वहीं मितानिन और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के घर-घर जाकर रोगियों की पहचान और उपचार प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। इस दौरान बताया कि सही समय पर लक्षणों की पहचान और इलाज से टीबी पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। मुख्य अतिथि श्रीमती सुशीला भट्ट ने कहा कि यह अभियान जिले में रोगियों की पहचान कर उन्हें उपचार प्रदान करने के लिए एक सराहनीय पहल है, निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय अभियान छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में आज से प्रारंभ हो रही है।

उन्होंने आम जनता से अपील की कि जब सर्वे टीम उनके घर आए तो वे पूर्ण सहयोग करें और यदि किसी को बीमारी के लक्षण हों तो उसकी सही जानकारी सर्वे टीम को दें ताकि समय पर जांच और इलाज संभव हो सके। कार्यक्रम के दौरान निक्षय वाहन और रथ को मुख्य अतिथि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने उपस्थित मितानिन और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया और स्वास्थ्य अमले को अभियान की सतत निगरानी के निर्देश दिए। कार्यक्रम का समापन सिविल सर्जन एवं मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ केशव ध्रुव द्वारा अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सर्वे टीम को अपना सहयोग दें और यदि किसी प्रकार के लक्षण हों तो तुरंत जानकारी प्रदान करने की अपील की गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अंशुल शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रबंधक, श्रीमती अलका दुबे, आनंद दास, दिनेश तिवारी, आरएस मेरावी, निलेश टांडेकर, नितिन सोनी, चंदन टीकम, भवानी सिंह, मोहन राम साहू, गौरव सोनी सहित मितानिन, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### शहर में श्रीराम कथा रामलीला का आयोजन

**हरिभूमि कवर्धा।** धर्म प्रचारक रामकथा रामलीला मंडल द्वारा 3 से 11 दिसम्बर तक दुर्गा रंगमंच रामनगर में पुरूषोत्तम श्री सीताराम की कथा रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 3 दिसम्बर को श्रीराम जन्म, मुनि आगमन एवं ताड़का वध, 4 दिसम्बर को मारीच, सुबाहु वध, अहिल्या उद्धार, 5 दिसम्बर को धनुष यज्ञ, रावण-बाणासुर संवाद, 6 दिसम्बर को श्री परशुराम-लक्ष्मण संवाद, श्री सीताराम विवाह, 7 दिसम्बर को सीता हरण, श्री राम विलाप, 8 दिसम्बर को शबरी भेंट, श्रीराम-हनुमान मिलन, बाली वध, 9 दिसम्बर को श्री लक्ष्मण शक्ते, श्रीराम विलाप, 10 दिसम्बर को कुंभकरण वध, मेघनाद वध तथा 11 दिसम्बर को रावण वध, श्रीराम राज्यभिषेक एवं चढ़ौत्री का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। जिस पर धर्म प्रचारक रामकथा रामलीला मंडल समिति नें आसपास क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई।

# जिला पुलिस की क्राइम मीटिंग संपन्न



- कानून व्यवस्था व लंबित मामलों के निराकरण को लेकर पुलिस अधीक्षक ने दिए सख्त निर्देश ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शनिवार को पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने जिले की क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारी, राजपत्रित अधिकारी तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस उपस्थित थें। बैठक में एसपी ने जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि जिले में लंबित अपराधों का त्वरित निराकरण अनिवार्य है। विशेष रूप से 1 वर्ष से अधिक समय से लंबित अपराधों पर तत्काल कार्यवाही करते हुए उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लंबित मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही साथ जिले में अवैध शराब बिक्री, जुआ-सट्टा, गांजा और अन्य मादक पदार्थों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। उन्होने सभी थाना प्रभारियों को इन गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध त्वरित और सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने जिले की कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए जनता के साथ घनिष्ठ संवाद और जुड़ाव पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आम सूचना संकलन के लिए स्थानीय नागरिकों का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने क्षेत्र में सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से नागरिकों का विश्वास जीतें और अपराधों की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाएं। श्री सिंह ने स्पष्ट रूप से कहा कि कानून व्यवस्था और लंबित अपराधों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और तत्परता से पालन करें और जिले में शांति और सुरक्षा बनाए रखने में कोई कोताही न बरतें। इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, डीएसपी संजय ध्रुव, एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक, डीएसपी मोनिका परिहार, एसडीओपी प्रतीक चतुर्वेदी, और जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित थें।

# 68वें राष्ट्रीय शालेय व्हॉलीबाल बालक-बालिका टीम हुई वाराणसी के लिए रवाना, दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

68वे राष्ट्रीय शालेय व्हॉलीबाल माध्यमिक विभाग की प्रतियोगिता 10 से 14 दिसम्बर तक वाराणसी उत्तरप्रदेश मे आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता मे छत्तीसगढ़ प्रदेश के चयनित 14 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं की तीन दिवसीय कैम्प 5 दिसम्बर से कवर्धा मे आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर मे 12 बालक एवं 12 बालिका शामिल हुए, जिसमे सर्वाधिक पांच खिलाड़ी जिले से हर्षित माड़वी, नवदीप तिवारी, अर्श खान, आर्या राजपूत, अनामिका पटेल एवं प्रदेश के अन्य जिला बालक 14 वर्ष व्हॉलीबॉल टीम अब्दुला, रुद्रराज फुलझले जिसमें रायपुर से, सोमारु कुंजाम, राकेश वेट्टी, अर्चन कुमार बस्तर से, हर्षिता मांडवी, नवदीप तिवारी, अर्श खान कबीरधाम से, राजवीर सिन्हा, प्रिंस साहू, बिलासपुर से, हरमेंदर सिन्हा, रोहन विश्वकर्मा शामिल होंगें। वहीं बालिका टीम में रंजिता, लिमि, हेमलता, रिंकी, मांगती, बस्तर से, आर्य राजपूत, अनामिका पटेल कबीरधाम से, चंद्रमुखी बेक, पूजा रजवाड़े सरगुजा से, रितिका लहरे, बिलासपुर से, मान्य दुर्ग से एव दिलेश्वरी पाल, रायपुर से शामिल होगें। इस शिविर का संचालन दल प्रबंधक अश्वनी चंद्राकर कोच, जगतारण झारिया पीटीआई सेजस, बोड़ला साजिद खान, आदित्य द्विवेदी, कुमार चंद्रवंशी द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण मे जिला व्हॉलीबाल संघ अध्यक्ष विजय चंद्रवंशी का विशेष सहयोग रहा। टीम को वायडी साहू डीईओ कबीरधाम, डीके साहू, डी एसओ ने ट्रेक-शूट, जूता व जर्सी नेकर प्रदान कर शुभकामनाएं दी। छत्तीसगढ़ की टीम शनिवार को रात्रि सारनाथ एक्सप्रेस दुर्ग से वाराणसी के लिए रवाना हुए।



## भाजपा मंडल कुकदुर के मंडल-अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग से बनाने की उठी मांग

**हरिभूमि कवर्धा।** मंडल भाजपा के ओबीसी वर्ग प्रतिनिधि मंडल ने विधायक एवं जिलाध्यक्ष तथा चुनाव अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पिछड़ा वर्ग से भाजपा मंडल अध्यक्ष बनाए जाने की मांग रखी। ओबीसी से भाजपा महामंत्री संतोष श्रीवास ने बताया कि जब से कुकदुर को मंडल बनाया गया है तब से लेकर आज तक केवल अनुसूचित जनजाति वर्ग से ही मंडल अध्यक्ष बनाया गया, जबकि पूर्व से ही जिला एवं जनपद पंचायत के सदस्यों का स्थान भी अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित है। संगठन के निर्णय को सर्वोपरि मानकर सभी जाति-वर्ग के कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक बार इस फैसले को स्वीकार करते हुए इसका स्वागत किया। इस मंडल क्षेत्र में जनसंख्या के आधार पर अनुसूचित जनजाति वर्ग के बाद अन्य पिछड़े वर्ग की एक बड़ी संख्या है और अन्य सभी वर्ग के कार्यकर्ताओं में भी कार्य कुशलता और नेतृत्व क्षमता में कोई कमी नहीं है बल्कि अधिक कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इसलिए इस बार मंडल अध्यक्ष का चयन अन्य पिछड़े वर्ग से किया जाए ताकि हर वर्ग को अवसर और सम्मान मिलने से सभी कार्यकर्ताओं के अंदर उत्साह बना रहेगा। जिससे पार्टी संगठन पहले से और अधिक मजबूत होगी और यदि उपेक्षा का क्रम लगातार बना रहा तो कार्यकर्ताओं में निराशा का भाव पनपना स्वाभाविक है। जिससे चुनावों में अपेक्षाकृत परिणाम आना सरल नही होगा।

## चुनावी आरक्षण को लेकर क्षेत्र में चर्चा



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम घोरपेंड्री, धनेली, भगतपुर, माकरी, रूसे, रापा, नवापारा, पेण्ड्रीकला व कुण्डा तथा कोलेगांव सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों में इन दिनों चौंक चौराहों व दुकान एवं होटलों में चुनाव को लेकर गर्मी व आरक्षण को लेकर काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। क्षेत्र में इस वर्ष चुनावी माहौल क्या होगा इस बार जिला, जनपद व ग्राम पंचायत चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे क्षेत्र में आरक्षण को लेकर दिलचस्प साथ ही साथ आम नागरिकों में चर्चा का विषय है। वहीं क्षेत्र में चुनावी प्रत्याशी उम्मीदवार अपने हिसाब से तैयारी में जुटे हुए हैं तथा एक-दूसरे को साधने की पूरी कोशिश किया जा रहा है।

**पाठक सूचना**
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, शैक्षणिक सामग्री प्रदान की जा रही

# सामुदायिक पुलिसिंग की पहलः शिक्षा, प्रशिक्षण व खेल के माध्यम से युवाओं का भविष्य उज्ज्वल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत युवाओं और बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों ने न केवल नक्सल प्रभावित इलाकों में शिक्षा और प्रशिक्षण को बढ़ावा दिया है बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित किया है। नक्सल प्रभावित और सुंदूर वनांचल क्षेत्रों में पुलिस द्वारा नौ अस्थाई प्राथमिक शालाएं व पांच कोचिंग सेंटर संचालित किए जा रहे हैं। इन स्कूलों में बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के साथ शैक्षणिक सामग्री प्रदान की जा रही है। इसके अलावा पुलिस विभाग द्वारा ओपन परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को फॉर्म भरवाने, किताबें वितरित करने और परीक्षा केंद्र तक निःशुल्क वाहन सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। अब तक 500 से अधिक विद्यार्थी ओपन परीक्षा पास कर रोजगार प्राप्त कर चुके हैं।

एसपी धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर स्वामी करपात्री जी स्टेडियम में पुलिस और सेना भर्ती के लिए युवाओं को निःशुल्क फिजिकल ट्रेनिंग दी जा रही है। ये प्रशिक्षण सैकड़ों युवाओं को फिटनेस और मानसिक मजबूती के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए तैयार कर रहे हैं। इस प्रयास के माध्यम से 1000 अधिक युवा पुलिस, सेना और अन्य संस्थानों में सेवा दे रहे हैं। उन्होने सुंदूर वनांचल ग्राम सौरू व समनापुर का दौरा किया। यहां उन्होंने ग्रामवासियों को कंबल वितरित किए और विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री प्रदान की। इन पहलों ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बच्चों और युवाओं के बीच शिक्षा के महत्व को उजागर किया है।

### 9 अस्थाई स्कूल व पांच कोचिंग सेंटर संचालित

जिले में ओपन परीक्षा के लिए 250 विद्यार्थियों का फॉर्म भरवाने का लक्ष्य, निःशुल्क फिजिकल ट्रेनिंग और कोचिंग से युवाओं को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने का अवसर तथा अब तक 500 से अधिक युवा ओपन परीक्षा पास कर रोजगार प्राप्त कर चुके। कबीरधाम पुलिस का लक्ष्य शिक्षा और सामुदायिक सहयोग के माध्यम से समाज को सशक्त बनाना है। जब युवाओं को सही मार्गदर्शन और समर्थन मिलता है, तो वे अपने सपनों को साकार करने में सक्षम होते हैं। कबीरधाम पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग पहल ने न केवल युवाओं और बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाया है, बल्कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी सकारात्मक बदलाव लाए हैं। यह मॉडल अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणादायक है, जो समाज में शिक्षा और सहयोग के माध्यम से बदलाव लाने का संदेश देता है।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## कार्रवाई : मामले की जांच में जुटी पुलिस, कोतवाली में देरशाम तक जुटी रही बजरंगियों की भीड़

# पचास किलो गौ मांस के साथ एक आरोपी को बजरंगियों ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

धर्मनगरी कवर्धा की धरा से लगातार गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग उठाई जा रही है, कबीरधाम जिले से ही अभी हाल ही में प्रदेश सरकार ने गौ सेवा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि जिले में पहले ही गौ माता की दयनीय स्थिति तथा गौ तस्करी के बीच अब इस धर्मनगरी में गौ मांस भी खपते दिखाई दे रहा है।

ऐसा ही एक मामला बीते शुक्रवार को कवर्धा कोतवाली क्षेत्र से सामने आया है। जहां ग्रामीणों ने एक व्यक्ति को करीब 50 किलो ग्राम गौ मांस के साथ दबोच कर उसे पुलिस के हवाले किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देरशाम क्षेत्र के बजरंगदल कार्यकर्ताओं को इस बात की सूचना मिली थी कि कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम कुटकीपारा से जगन्नाथ अहिरवार नाम का एक व्यक्ति करीब 50 किलो गौ मांस लेकर कवर्धा की तरफ आ रहा है। इस सूचना के बाद बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने आरोपी ग्रामीण जगन्नाथ का पीछा करते हुए उसे ग्राम जुनवानी के पास दबोच लिया। बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने जब आरोपी के पास रखी एक सफेद रंग की बोरी खोलकर जांच की तो उसमें करीब पचास किलो ग्राम गौ मांस था। कार्यकर्ता आरोपी को पकड़कर सीधे कवर्धा कोतवाली ले आए।

देखते ही देखते इस बात की सूचना पूरे क्षेत्र में फैल गई और थाना में बड़ी संख्या में बजरंगदल तथा कांग्रेसी कार्यकर्ता एकत्र हो गए। जिसके बाद उन्होने पुलिस प्रशासन से आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की है। आरोप है कि जगन्नाथ अहिरवार इससे पूर्व भी गौ मांस की तस्करी करते पकड़ा जा चुका है।

लेकिन उसके बाद भी उसके खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई और वह इस कृत्य को लगातार अंजाम दे रहा है। जिसे लेकर बजरंगदल के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में खासा आक्रोश व नाराजगी है। उन्होने इस मामले में पुलिस प्रशासन से कठोर कार्यवाही तथा पूरे मामले की विस्तृत जांच कराए जाने की मांग की है। वहीं कवर्धा कोतवाली निरीक्षक ने कहा कि इस मामले में आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### कहीं अंचल के ढाबों में तो नहीं बिक रहा गौ मांस?



बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने इस बात की भी आशंका जताई है कि कहीं कवर्धा के ढाबों में तो गौ मांस नहीं खप रहा है। क्योंकि आरोपी जगन्नाथ के पास से करीब पचास किलो ग्राम गौ मांस जप्त किया है और आरोपी ने पुलिसिया पूछताछ में इस बात का खुलासा किया है कि वह गौ मांस स्वयं के उपयोग के लिए ले जा रहा था। ऐसे में बड़ा सवाल यह भी उठ रहा है कि अगर आरोपी गौ मांस अपने स्वयं के उपयोग कि लिए भी ले जा रहा था तो वह इतनी अधिक मात्रा में इसका उपयोग अकेला नहीं कर सकता। ऐसे में इस बात की आशंका जताई जा रही है कि वह इसे कवर्धा के ढाबों में तो नहीं खपा रहा है। बजरंग दल ने आरोपी से कड़ाई से पूछताछ करने और पूरे मामले की सूक्ष्म जांच कराए जाने की मांग पुलिस प्रशासन से की है।

### गौ तस्करी का आरोप

बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि जिले में गौ तस्करी का खेल भी लम्बे समय से चल रहा है। दूसरे राज्यों के साथ ही इस क्षेत्र के भी कुछ लोग इस तस्करी को बड़े ही सुनियोजित ढंग से अंजाम दे रहे हैं। जिले के वनांचल तथा ग्रामीण ईलाकों में तस्करों द्वारा दबे पांव रैकी की जाती है और अनउपयोगी तथा बीमार मवेशियों तथा गौ माता को थोकभाव में खरीदकर उसे कत्लखाना भेजा जाता है। लेकिन इस पर भी पुलिस प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है। स्थिति ये है कि सत्ता शासन से जुड़े लोग सिर्फ और सिर्फ गौ माता के नाम पर गाल बजा रहे हैं। गौ माता के सुरक्षा, समवर्धन की दिशा में कोई ठोस कार्य नहीं की जा रही है। जिसके चलते गौ तस्करों के हौसले बुलंद हैं और वे लगातार इस तरह के कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं।




# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल से जयराम के जीवन में लौटी मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की संवेदनशील पहल से कवर्धा विकासखंड के ग्राम मनिकचौरी निवासी दिव्यांग जयराम यादव के जीवन में नई आशा की किरण जगी है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा के निर्देश पर शनिवार को कवर्धा विधायक कार्यालय में जयराम को रोलेटर और ट्राईसाईकिल प्रदान की गई, जिससे उसके जीवन में एक नई रफ्तार आई है। दिव्यांग जयराम अभी कक्षा दूसरी के छात्र है, उन्हें अपने स्कूल जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। ट्राईसाईकिल मिलने के बाद अब वह बिना किसी परेशानी के स्कूल आ-जा सकेगा। इस सहायता ने न केवल उसकी शारीरिक बाधाओं को कम किया है, बल्कि उसके आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा की संवेदनशील पहल से जिले के दिव्यांगजनों और अन्य जरूरतमंदों को भी जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि हमारा प्रयास है कि हर व्यक्ति को समान अवसर और साधन मिलें, ताकि वह अपने सपनों को साकार कर सके। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने समाज के कमजोर और दिव्यांग वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। उनकी पहल से यह सुनिश्चित हो रहा है कि कोई भी व्यक्ति अपनी परिस्थितियों के कारण पीछे न छूटे। इस कदम ने न केवल जयराम बल्कि पूरे क्षेत्र के लोगों को प्रेरणा मिल रही है। दिव्यांग जयराम के पिता गणेश यादव ने इस महत्वपूर्ण सहायता के लिए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह मदद उनके परिवार के लिए बहुत मायने रखती है और अब जयराम का भविष्य बेहतर और सुगम होगा।

## खबर संक्षेप

### महोत्सव कार्यक्रम के लिए आवेदन 11 तक



**कवर्धा।** गुरूघासीदास लोक कला महोत्सव वर्ष 2024-25 कार्यक्रम के लिए आगामी 11 दिसम्बर को सायं 5 बजे तक आवेदन कार्यालय कलेक्टर आदिवासी विकास शाखा में जमा कर सकते है। कार्यक्रम आयोजन हेतु अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की पारंपरिक लोक कला तथा लोकगीत, लोक गायान, लोक नृत्य जैसे पंथी नृत्य, भरथरी परंपरागत लोक वाद्य आदि में कार्यक्रम में शामिल है। लोक कलाकरों के प्रतिभा को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित एवं विकास करने के उद्देश्य से यह योजना संचालित है।

### राष्ट्रीय प्रशिक्षण मेला व केम्प 9 दिसम्बर को

**कवर्धा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कवर्धा, सरोदा बांध रोड तारो में राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना के तहत अप्रेंटिसशिप मेला, प्लेसमेंट केम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में संबंधित संस्था से मिली जानकारी के अनुसार आगामी 9 दिसम्बर को प्रातः 9.30 बजे से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेला में विभिन्न प्रतिष्ठानों को अप्रेन्टिस और प्लेसमेंट के लिए आमंत्रित किया गया है। समस्त शासकीय निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक एवं आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ उक्त मेला में सम्मिलित होकर अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## निधन

### पुरूषोत्तम प्रसाद उपाध्याय



**कवर्धा।** नगर के वरिष्ठ नागरिक, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी एवं हाई स्कूल से रिटायर्ड शिक्षक पुरूषोत्तम प्रसाद उपाध्याय का निधन गत शुक्रवार रात्रि 11.45 में हो गया है जिनका अंतिम संस्कार शनिवार को 11.00 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। 85 वर्षीय श्री उपाध्याय अपने पीछे दो बेटी और तीन बेटा, नाती सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। वे संदीप, दिलीप और प्रदीप उपाध्याय के पिता हैं। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासियों, समाज के लोगों तथा परिजनो ने शामिल होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# गौरव पथ की स्वीकृति पर नागरिकों ने सांसद का किया अभिनंदन

## 10 करोड़ 73 लाख 88 हजार राशि की स्वीकृति



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय के प्रयास से राजनांदगांव बायपास रोड से पिलारी नहर होते हुए नवीन बाजार तक गौरव पथ निर्माण की स्वीकृति मिलने पर नगरवासियों में हर्ष व्याप्त है। वार्डवासियों सहित पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को सांसद कार्यालय पहुंचकर सांसद पाण्डेय का स्वागत अभिनंदन करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि सांसद संतोष पांडेय ने 21 सितम्बर 2024 को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर राजनांदगांव बायपास रोड से पिलारी नहर होते हुए नवीन बाजार तक गौरव पथ निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की थी। इस बाबत उन्होंने मंत्री को पत्र भी सौंपा था। उक्त मार्ग में सड़क निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। सांसद संतोष पाण्डेय ने नगरवासियों को आवागमन में हो रही परेशानी को ध्यान में रखते हुए उक्त मार्ग में गौरव पथ निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री साव से मिलकर मांग की थी। सांसद पाण्डेय की मांग पर मंत्री साव ने उक्त मार्ग में गौरव पथ निर्माण हेतु 10 करोड़ 73 लाख 88 हजार राशि की स्वीकृति प्रदान की है। सांसद पाण्डेय ने कहा की प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने कवर्धा को बड़ी सौगात दी है।

इस सड़क के निर्माण हो जाने से आवागमन सुगम हो जाएगा। नगर का विकास होगा। इस दौरान भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष गोपाल साहू, महामंत्री राजा टाटिया, पार्षद देवा साहू, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सौरभ सिंह, शहर मंडल अध्यक्ष अनिल साहू, मोहन साहू, हरीश साहू, कमलेश दिवेदी, रोशन साहू, कृष्णा साहू, दिनेश गुप्ता, पप्पू साहू, मनीष साहू सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी व कार्यकर्तागण मौजूद थे।

# आवारा कुत्तों ने किया 340 मुर्गियों का कत्ल

■ नगर में संचालित देवांगन पोल्ट्री फार्म में आवारा कुत्तों ने बोला धावा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



कवर्धा नगर में आवारा कुत्तों का आतंक किस हद तक बढ़ चुका है इसकी एक बानगी बीते दिनो कवर्धा नगर में देखने को मिली जहां आवारा कुत्तों ने रात के समय नगर में संचालित एक पोल्ट्री फार्म में धावा बोलकर दो-चार नहीं बल्कि 340 मुर्गियों को मौत के घाट उतार दिया। आवारा कुत्तों के इस हमले से पोल्ट्री फार्म संचालक को करीब एक लाख रूपए से अधिक का नुकसान उठाना पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 5-6 दिसम्बर की दरमियानी रात चार आवारा कुत्तों ने नगर के शिक्षक कॉलोनी के पीछे संचालित शंभू देवांगन के देवांगन पोल्ट्री फार्म में मौका देखकर धावा बोल दिया और पोल्ट्री फार्म में मौजूद 340 मुर्गियों को मौत के घाट उतार दिया। गहरी नींद में सो रहे पोल्ट्री फार्म के चौकीदार को जब सुबह करीब 4.00 बजे इस घटना की आहट मिली तो उन्होने टार्च जलाकर देखा तो फार्म हाऊस में मुर्गियां मरी पड़ी थी। जिसके बाद उन्होने कुत्तों को वहां से डंडे की मदद से भगाया लेकिन तब तक कुत्ते मुर्गियों के साथ खूनी खेल, खेल चुके थे। इस संबंध में पोल्ट्री फार्म संचालक शंभू देवांगन ने बताया कि वे अभी कुछ दिन पूर्व ही मुर्गियों को खरीदकर लाए थे। लेकिन पोल्ट्री फार्म की जाली तोड़कर अंदर घुसे आवारा कुत्तों ने उन्हें मार डाला। जिससे उन्हें करीब एक लाख रूपए से अधिक का बड़ा नुकसान उठाना पड़ गया। यहां बताना लाजिमी होगा कि कवर्धा नगर में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है और वे इस तरह के हमले मवेशियों सहित लोगों पर भी करने गुरेज नहीं करते । जिससे नगरवासी त्रस्त हैं।


# आसमान में छाई बदली अंचल से ठंड गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

बीते करीब हप्तेभर से जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण अंचलों में मौसम बदला-बदला नजर आ रहा है।

स्थिति ये है कि करीब हप्तेभर से अंचल के आसमान में बदली छाई हुई है। जिसके कारण ठंड लगभग गायब हो चुकी है। वहीं मौसम विभाग ने 8 दिसम्बर को प्रदेश के करीब 16 जिलो में बूंदाबांदी तथा हल्की तेज बारिश की संभावना जाहिर की है हालांकि इन 16 जिलो में कबीरधाम जिला शामिल नहीं है। लेकिन यहां भी आसमान में लगातार बदली छाए रहने से बेमौसम बारिश की आशंका बनी हुई है। जिसे लेकर किसानो में भी चिंता देखी जा रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस समय जिले में धान खरीदी, गन्ना खरीदी से लेकर रबि फसलों की बोआई का कार्य जोरों से चल रहा है। यही वजह है कि विशेषकर किसानो को मौसम का यह मिजाज रास नहीं आ रहा है। वहीं दिसम्बर माह में इस तरह से ठंड के गायब होने से गुलाबी ठंड का मजा लेने वाले भी मायूस नजर आ रहे हैं।

## कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरण शिविरों की तिथि निर्धारित



**कवर्धा।** जिला कबीरधाम में दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण के लिए चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर सहसपुर लोहारा विकासखण्ड में जनपद पंचायत के सभाकक्ष स.लोहारा में 10 दिसम्बर को सबेरे 11 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित होगा। इसी प्रकार पंडरिया विकासखण्ड में जनपद पंचायत पंडरिया के सभाकक्ष में 11 दिसम्बर को सबेरे 11 बजे से सायं 4 बजे तक, बोड़ला विकासखण्ड में जनपद पंचायत बोड़ला के सभाकक्ष में 12 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक और कवर्धा विकासखण्ड में 13 नवम्बर को पीजी कॉलेज डोम कवर्धा में सबेरे 11 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित किया गया है। निर्धारित तिथियों को जिले के दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों को भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) जबलपुर से उपस्थित विशेषज्ञों द्वारा निर्धारित मापदण्ड अनुसार परीक्षण कर कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण एवं कैलीपर्स हेतु चयन करेंगे। शिविर में उपस्थित होने वाले दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों को यूडीआईडी कार्ड (अनिवार्य), आय प्रमाण (उपकरण की निः शुल्क प्राप्त हेतु 22,500.00 या उससे कम मासिक आय) अथवा बीपीएल राशन कार्ड, अवासीय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड (अनिवार्य), मोबाईल नंबर आवश्यक है।

## विद्यार्थी हितैषी योजना, अपार आईडी, अर्धवार्षिक परीक्षा आदि पर चर्चा

# डीईओ ने ली जिले के स्कूली प्राचार्यों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहु ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग, राज्य शासन की महत्वाकांक्षी विद्यार्थियों हितैषी योजना परीक्षा परिणाम उन्नयन के लिए माक ड्रिल, अर्धवार्षिक परीक्षा व प्री-बोर्ड परीक्षा, शत प्रतिशत वन नेशन- वन स्टुडेंट अपार आईडी क्रिएशन प्रोग्रेस, छात्रवृत्ति व जाति प्रमाण पत्र के साथ ही विद्यालय परिसर में तम्बाकू निषेध क्षेत्र संबंधी प्रमाण पत्र, सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न प्रतियोगिता आयोजन, जाति प्रमाण पत्र की अद्यतन स्थिति, आरटीई के तहत विद्यार्थियों का प्रवेश एवं निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के साथ शाला अनुदान व विद्यालय निरीक्षण, निर्माण कार्य के संदर्भ मे अद्यतन समीक्षा ली गई। बैठक में अन्य महत्वपूर्ण अकादमिक बिन्दुओं पर चर्चा कर आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर जिले के 150 विद्यालयों के संस्था प्रमुख प्राचार्य उपस्थित रहे। शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन व नवाचारी गतिविधियों से संबंधित कार्य बिन्दुओं पर चर्चा किया गया। बैठक में बताया गया कि अर्धवार्षिक परीक्षा 09 दिसम्बर से 16 दिसम्बर 2024 तक तथा छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित समय सारिणी अनुरूप हाई व हायर स्कूल परीक्षा प्री-बोर्ड परीक्षा 20 जनवरी से 29 जनवरी 2025 तक आयोजित होना है। बैठक में प्रतिभाशाली विशिष्ट विद्यार्थियों के लिए राज्य के मेरिट सूची में स्थान अर्जित करने विशेष मार्गदर्शन सत्रों का आयोजन पर कार्यनीति पर चर्चा की गई। पाठ्यक्रम पूर्णता के लिए अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने, शैक्षिक रुप से पिछड़े व कमजोर विद्यार्थियों के लिए उपचारात्मक कक्षाएं, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए विशेष कोचिंग संचालित करने निर्देशित किया गया तथा संचालनालय द्वारा बोर्ड परीक्षा परिणामों में सुधार के अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी गई। सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य सरकार की जन हितकारी प्रस्तावित गतिविधियां आयोजन संबंधी में चर्चा कर परिपालन के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर नकुल पनागर जिला मिशन समन्वयक, सहायक संचालक एमके गुप्ता, सहायक संचालक यूआर चन्द्राकर, सहायक संचालक डीजी पात्रा, एमआईएस., प्रशासक सतीश यदु सहित जिले के प्राचार्य उपस्थित थे।

# बिरनपुर कला सोसायटी के किसानों का गमछा श्रीफल भेंटकर किया गया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭स. लोहारा

सेवा सहकारी समिति मर्यादित सोसायटी ग्राम बिरनपुर कला, पंजीयन क्रमांक 220 में विजय शर्मा उप मुख्यमंत्री के मार्ग दर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के साथ चर्चा परिचर्चा एवं धान खरीदी के संबंध में किसानों के बीच सरकार की महती योजना की जानकारी दिया गया। किसानों को गमछा, श्रीफल भेंट कर माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य के रूप से सोसायटी अध्यक्ष परेटन वर्मा (दूजराम वर्मा), मनोज वैष्णव सरपंच उड़ियाखुर्द, धनराज वैष्णव सरपंच प्रतिनिधि कारेसरा, गणेश वर्मा सरपंच प्रतिनिधि बिरनपुर कला, मनोज पांडेय, दौलत राम साहू, श्याम दास, हीरा पटेल, हरिचंद कौशिक, कांशीराम साहू, विजय साहू, भेदलाल पटेल, लक्ष्नु पटेल, सुशील साहू, जोहनलाल पटेल, चकलू पटेल, मोहन पटेल, दिनेश उईके, रोहित धुर्वे, समिति प्रबंधक गंगादास मानिकपुरी सहित किसान भाई उपस्थित थे।

## सार समाचार

### 307 क्विंटल अवैध धान जब्त



**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अन्य राज्यों से आने वाले अवैध धान तथा कोचियों, बिचौलियों द्वारा धान की अवैध खरीदी एवं बिक्री पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। अन्य राज्यों से आने वाले अवैध धान की रोकथाम हेतु जिले के तीन सीमावर्ती स्थानों वनोपज जांच चौकी कल्लूबंजारी, वनोपज जांच चौकी बोरतलाब एवं साल्हेकला अछोली क्षेत्र, अंतर्राज्यीय सीमा जांच चौकी बागनदी (पाटेकोहरा) पर चेकपोस्ट बनाया गया है। जिसमें पुलिस, वन विभाग, मंडी एवं नगर सेना के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा 24 घंटे निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में निगरानी टीम द्वारा ग्राम पनियाजोब में वाहन जांच के दौरान ग्राम तुमसर महाराष्ट्र से आ रहे एक ट्रक में लोड 307 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया। खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी ने बताया कि डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम परियाजोब में नियमित वाहन चेकिंग के दौरान ग्राम तुमसर महाराष्ट्र से धमतरी धान परिवहन कर रहे ट्रक का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर जब्ती की कार्रवाई की गई। जांच के दौरान ट्रक में 307 क्विंटल अवैध धान पाया गया। जब्त धान का मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य एवं राजस्व विभाग द्वारा जिले में अवैध धान खरीदी एवं बिक्री करने वाले कोचियों, बिचौलियों और परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### मुख्यमंत्री के हाथों निरीक्षक विनय सम्मानित



**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा वर्ष 2024 में सायबर अपराध में उत्कृष्ट विवेचना करने वाले विवेचक एवं सायबर पखवाड़ा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सायबर वॉलिंटियर्स को पुरस्कृत किया गया। पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर संबर को नवीन सायबर भवन उद्घाटन समारोह कार्यक्रम के दौरान मुख्यामंत्री विष्णुदेव साय द्वारा वर्ष 2024 में सायबर अपराध में उत्कृष्ट विवेचना एवं सायबर पखवाड़ा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सायबर वॉलिंटियर्स विनय साहू को सर्टिफिकेट व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही जिले के अन्य सायबर में उत्कृष्ठ कार्य करने के फलस्वरूप प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक विनय कुमार पम्मार को ''सायबर कॉप ऑफ द ईयर'' सर्टिफिकेट व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

### एक दिवसीय शिविर में 96 का बना कार्ड



**राजनांदगांव।** आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनांतर्गत प्रतिवर्ष प्रति परिवार को 5 लाख रुपए तक का बीमारी के उपचार कर स्वास्थ्य लाभ के लिए आयुष्मान कार्ड बनाए जाने आम्बेडकर सेवा समिति भरकापारा वार्ड क्र. 28 में एक दिवसीय शिविर का आयोजन 5 दिसंबर को पार्षद राजेश जैन (रानू) द्वारा किया गया। उक्त समयावधि में लगभग 96 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड शिविर में बनाया गया। शिविर में जीत परिहार, स्वास्थ्य विभाग, वार्ड मितानिन सरोज गिरिपुंजे, समिति अध्यक्ष शीला हेड़ाऊ द्वारा एक दिवसीय आयुष्मान कार्ड शिविर को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया गया। शिविर के शुभारंभ अवसर पर पार्षद राजेश जैन (रानू) राहुल सोनपीपरे, भाजपा कार्यकर्तागण एवं वार्डवासी उपस्थित रहे। आगामी 9 दिसंबर को एक दिवसीय शिविर का पुनः आयोजन वार्ड क्र. 28 तिलक वार्ड के इंदिरा सरोवर स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित होगा।

### श्रमिक पखवाड़े को मजदूरों का व्यापक समर्थन



**राजनांदगांव।** भारतीय मजदूर संघ अपनी स्थापना का 70वें वर्षगांठ पर सालभर विभिन्न स्तरों पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए हैं। प्रतिदिन भामसं कार्यकर्ताओं की अनेक टोलियां जिले व समीपवर्ती जिले में मजदूरों से जगह-जगह उनके कार्यस्थल पर जाकर संपर्क कर रहे है। इस दौरान भामसं कार्यकर्ता भारतीय मजदूर संघ के इतिहास से लेकर संघर्ष तक की पटकथा का पत्रक मजदूरों के मध्य वितरित कर रहे हैं।

भामसं के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने बताया कि पिछले तीन दिनों में भामसं कार्यकर्ताओं ने छुरिया विकासखंड के अनेक ग्रामों, समीपवर्ती खैरागढ़ जिले के गिट्टी खदान, ठेलकाडीह व मोहला जिले के गैंदाटोला व रेंगाकठेरा सेक्टर में मजदूरों के बीच व्यापक जनसंपर्क करते कहा कि भारतीय मजदूर संघ राष्ट्रहित, उघोगहित व मजदूरहित के विचारों से ओतप्रोत होकर मजदूर क्षेत्र में काम करता है।

इस दौरान योगेशदत्त मिश्रा, अल्का बारसागढ़े, धनेश्वरी साहू, भारती शर्मा, हेमंत साहू, चेतन साहू, पुनाराम वर्मा, चंद्रशेखर, गोविंद साहू, विश्राम, केशवराम सिन्हा, ठाकुरराम सहित बड़ी संख्या में खैरागढ़ व मोहला सहित राजनांदगांव जिले के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा के बूथ अध्यक्षों का चुनाव संपन्न



**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी चुनाव महापर्व अभियान के तहत अपने मिशन में युद्ध स्तर पर जुट चुकी है। शक्ति केंद्र क्रमांक 9 के चुनाव अधिकारी कमल सोनी ने बताया कि प्रक्रिया के तहत 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्षों के चुनाव संपन्न करने हेतु मंडलों में जितने भी बूथ हैं, सभी के चुनाव संपन्न करने हेतु बूथ अध्यक्षों की चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसी तारतम्य में चुनाव अधिकारी कमल सोनी ने वार्ड क्रमांक 42 व 46 में चुनाव प्रक्रिया का पालन करते फॉर्म ग़ के तहत प्रस्तावक एवं सहमति का पूर्ण रूप से पालन करते बूथ क्रमांक 51 में आजूराम साहू की बूथ अध्यक्ष के रूप में घोषणा की गई। इसी तरह से बूथ क्रमांक 54 में विजय देवांगन, बूथ क्रमांक 53 में शिव साहू एवं बूथ क्रमांक 55 में टिकेश्वर सिंह ठाकुर अध्यक्ष बनाए गए।

## एकल अभियान के तहत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

# सुदूर वनांचल क्षेत्र से पहुंचकर खेल कला का जौहर दिखा रहे स्कूली बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एकल अभियान के तहत अभ्युदय यूथ क्लब के माध्यम से वनांचल क्षेत्र के बच्चों के बीच छुपी खेल प्रतिभा को निखारने प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शहर के गायत्री स्कूल परिसर में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का आज शुभारंभ किया गया।

एकल अभ्युदय अभियान के तहत 8 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के बीच दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 7 से 8 दिसंबर तक आयोजित होने वाली इस खेल प्रतियोगिता में प्रदेशभर के लगभग 600 बच्चे हिस्सा ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता के दौरान प्रदेश के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र से पहुंचे बच्चों के बीच कबड्डी, कुश्ती, खो-खो, ऊंची कूद, लंबी कूद की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को आगामी दिनों में भुवनेश्वर में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा।



### समापन में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर प्रतियोगिता के संभाग प्रमुख कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि इस प्रतियोगिता में दंतेवाड़ा, सुकमा, सरगुजा के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र से बच्चे पहुंचे हैं। इस आयोजन का उद्देश्य वनवासी बच्चों की खेल प्रतिभा को निखरना है। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि वनांचल क्षेत्र के बच्चे एशियन गेम्स और ओलंपिक में देश के लिए मेडल लेकर आए। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के समापन अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे और विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण करेंगे।

### प्रतिभा निखारने आयोजन

दमखम के मामले में छत्तीसगढ़ के वनांचल क्षेत्र के बच्चों में कोई कमी नहीं है। जरूरत है तो इन खिलाड़ियों में छुपी प्रतिभा को मंच देकर सामने लाने की। एकल अभियान के तहत इन प्रतिभावान बच्चों को तराशा जा रहा है और उन्हें स्थानीय, संभागीय, प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता के जरिये राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए तैयार किया जा रहा है।

### प्रतियोगिता का समापन आज

वनवासी बच्चों की मार्च परेड शहर में निकली राजनांदगांव। अनौपचारिक शिक्षा पद्धति द्वारा गांव के 6 से 14 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं को एकल विद्यालय द्वारा शिक्षण कार्य कराया जाता है, जिन्हें वर्ष में एक बार खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से मंच प्रदान किया जाता है। जिससे गांव के छोटे-छोटे बच्चे ओलंपिक तक खेलकर आगे बढ़ सकते हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में 7 एवं 8 दिसंबर को गायत्री विद्यापीठ में वनवासी बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज हुआ। अभ्युदय यूथ क्लब के अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह रविवार को दोपहर 2 से 4 बजे तक गायत्री विद्यापीठ के ऑडिटोरियम में संपन्न होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडे तथा विशेष अतिथि बृजकिशोर सुरजन, विनोद बोहरा, मनोज बैद, विजय गंगवानी एवं राधेश्याम नायक उपस्थित रहेंगे। एकल संभाग के संरक्षक नंदकिशोर सुरजन एवं प्राथमिक शिक्षा समिति के अध्यक्ष नीरज बाजपेई ने इस महत्वपूर्ण समारोह में संस्कारधानी के सभी प्रबुद्धजनों से उपस्थिति का आह्वान किया है।

### आयुक्त ने किया टांकाघर का निरीक्षण

**राजनांदगांव।** नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा शुक्रवार को टांकाघर का आकस्मिक निरीक्षण कर जल, विद्युत एवं मोटर विभाग के प्रभारियों से उनके कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों की संख्या, कार्य का समय, पानी टेंकर, सफाई संबंधी गाड़ी के अलावा विद्युत की जानकारी ली। मोटर विभाग के प्रभारी टैंकर तथा जेसीबी आदि के बारे में कहा कि प्रतिदिन सुबह 9 बजे से मांग अनुसार वार्डों एवं आयोजनों में टेंकर सप्लाई की जाती है। स्वास्थ्य विभाग के कार्यों के लिए जेसीबी टिप्पर, ट्रेक्टर भी सुबह निकल जाते हैं तथा डिवाईडर एवं पेड़ पौधे में सिंचाई की जाती है। आयुक्त ने सभी गाड़ियों की आवश्यक मेन्टेनेंस व मरम्मत करने के निर्देश दिए और कहा कि आवश्यकतानुसार प्राथमिकता के आधार पर वाहनों का संचालन पेयजल व सफाई में किया जाए।

आयुक्त विश्वकर्मा ने टांकाघर स्थित टंकियों से शहर में पानी सप्लाई होने वाले क्षेत्रों की जानकारी लेते जल विभाग के प्रभारी से कहा कि पेयजल संबंधी शिकायतों में क्षतिग्रस्त पाईप लाइन, गंदे पानी आने, कम पानी आने आदि का यथासंभव जल्द निराकरण करें, आवश्यक सामग्री का भंडारण रखे। सभी कर्मचारी प्रातः जल्दी काम पर आकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें एवं शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें।

## कलाकारों को मंच देने दो दिवसीय राष्ट्रीय कौशिकी स्पर्धा का आयोजन

**राजनांदगांव।** शहर के वेसलियन स्कूल ऑडिटोरियम में नवोदित कलाकारों को मंच देकर उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से आकार इंस्टीट्यूट ऑफ कथक और वेदश्री कला संगम द्वारा 7 और 8 दिसंबर को दो दिवसीय राष्ट्रीय कौशिकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। अखिल भारतीय संगीत, नृत्य एवं ललित कला प्रतियोगिता के इस आयोजन में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक सहित देश के कई राज्यों से लगभग 500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है।

### बच्चों ने दिखाया जौहर

राष्ट्रीय कौशिकी प्रतियोगिता के आयोजन में नृत्य, गायन, वादन, चित्रकला, फोटोग्राफी की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। जिसमें कलाकार अपनी कला का जौहर दिखा रहे हैं।



### मनमोहक प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध

देशभर के कई राज्यों से पहुंचे स्कूली विद्यार्थियों ने एकल नृत्य की अलग-अलग विधाओं में काफी मनमोहक प्रस्तुति दी। बच्चों द्वारा मंच पर कथक, भरतनाट्यम की प्रस्तुति ने आयोजन को गरिमामय बना दिया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में करंट अफेयर, ग्लोबल वार्मिंग, भारत आपकी नजरों से जैसी थीम पर विद्यार्थियों ने अपनी सोच को कैनवास पर खूबसूरत तरीके से उकेरा और चित्रकला के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया।

आयोजन को लेकर डॉ. चंदन सिंह और खुशी जैन ने बताया कि कौशिकी शास्त्री नृत्य को समर्पित है, लेकिन इसमें सभी विधाओं को लिया गया है। उन्होंने बताया कि नवोदित कलाकारों को मंच देने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी विद्या में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

### पृष्ठ 11 का शेष

**नाबालिग से कुकर्म...**

सागर मध्यप्रदेश से नीरज पटेल के कब्जे से सुरक्षित बरामद किया गया है। तत्पश्चात बालिका का महिला पुलिस अधिकारी से कथन कराया गया। नाबालिग बालिका को दिनांक, घटना व समय को आरोपी नीरज पटेल द्वारा शादी करने का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले जाकर दुष्कर्म करने की पुष्टि होने पर मामले में धारा 363, 366(क), 376(2)(ढ) भादवि 4, 6 पॉक्सो एक्ट 2012 जोड़ी गई। विवेचना के दौरान आरोपी नीरज पटेल को हिरासत में लेकर घटना के बारे में पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी नीरज पटेल 24 वर्ष निवासी ग्राम केसली जिला सागर मध्यप्रदेश को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

## नीरज स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**राजनांदगांव।** नीरज पैरेन्ट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग के कक्षा 1 के छात्रों को शर्मा बेकरी का भ्रमण कराया गया। जिसमें बच्चों को बेकरी में बनने वाले भिन्न-भिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों को बनाने के संबंध में बताया गया। जिसमें केक एवं पेस्ट्री के संबंध में जानकारी दिए जाने पर बच्चों का ध्यानाकर्षण रहा। कक्षा 2 के छात्रों को राजनांदगांव रेलवे स्टेशन भ्रमण कराया गया।

उक्त भ्रमण में बच्चों को नवनिर्माणाधीन रेलवे स्टेशन संबंधित बातें बताई गई। इसके साथ ही बच्चों को रेलवे स्टेशन संबंधित संपूर्ण जानकारियां। बच्चों के



जिज्ञासा भरे प्रश्नों को बच्चों के अनुसार समझाया गया।

उक्त स्टेशन भ्रमण के दौरान राजेश कुमार बर्मन स्टेशन मैनेजर राजनांदगांव एवं रवि का योगदान सराहनीय रहा, जिन्होंने बच्चों को सभी प्रकार की जानकारी प्रदान की। इस अवसर भ्रमण समाप्ति पश्चात स्कूल संचालक नीरज बाजपेयी एवं सोनल बाजपेयी ने स्टेशन मैनेजर एवं उनकी टीम को उक्त सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कक्षा शिक्षिकाओ-शिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ द्वारा सुरक्षा चक्र बनाकर बच्चों को बीच में रखकर यह भ्रमण कराते छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। उक्त अवसर पर शाला प्राचार्य ईला राठौर, उपप्राचार्य आरती पिल्लई उपस्थित रही।

### पीएम आवास योजना 2.0 के लिए शहरों में लगे कैम्प

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के क्रांतिकारी सोच सभी के सिर हो अपने घर की छत को पूरा करने विष्णुदेव की सरकार लगातार लोगों तक पहुंच रही है। छत्तीसगढ़ की इस सार्थक पहल की सफलता शहरी क्षेत्रों में आवासहीनों को आवास की सुविधा देकर ही की जा सकती है। राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर शहरों में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के द्वितीय चरण की शुरूआत के लिए शहरों में शिविर लगाने की मांग की है। उन्होंने पत्र में कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के नियमों आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति हेतु शिविर लगाया जाना चाहिए। प्रदेशभर में शिविर के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी जैसी महत्वाकांक्षी योजना का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकें।

## तम्बाकू उत्पाद बिक्री नियमों का उल्लंघन, कार्रवाई

**खैरागढ़।** सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने वालों एवं नियमों की अवहेलना कर तंबाकू उत्पाद की बिक्री करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश गौतम, लालचंद मोहले पुलिस अनुविभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी खैरागढ़ अनिल शर्मा के नेतृत्व में थाना खैरागढ़ पुलिस स्टाफ द्वारा तंबाकू उत्पाद विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर चेकिंग अभियान चलाया गया।

### चालानी कार्रवाई

पुलिस के अनुसार नियमों की अवहेलना कर तम्बाकू उत्पाद बिक्री करने वाले 8 एवं सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान कर स्वयं एवं दूसरे का स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पहुंचाने वाले 5 व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्रवाई की गई।

### पुलिस का चेकिंग अभियान

जिले में कोटपा एक्ट के प्रभावी अनुकरण के लिए जिले के सभी थाना प्रभारियों के माध्यम से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए गए हैं, जिस पर थाना प्रभारी खैरागढ़ द्वारा त्वरित टीम का गठन कर टीम द्वारा शैक्षणिक संस्थानों के आसपास पान दुकानों, किराना दुकानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर संचालित तंबाकू उत्पाद बिक्री केंद्र विक्रेताओं का चेकिंग कर कोटपा अधिनियम 2003 के प्रावधान 4 व 6 के उलंघन करते पाए जाने पर अधिनियम के प्रावधानों के पालन करने की समझाइश देते 13 चालानी कार्रवाई की गई।

## गांवों में विकास कामो का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर ग्राम पंचायत टेड़ेसरा-सांकरा एवं धीरी पहुंचे थे। उन्होंने करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन निर्माण त्रिमूर्ति मंदिर, वार्ड क्रमांक 6 व 7 में मंच में शेड निर्माण कार्य, व्यवसायिक परिसर निर्माण, नक्टा तालाब में में पचरी निर्माण, गौठान में आजिविका मिशन शेड निर्माण, शासकीय नवीन शाला में आहता जीर्णोद्वार, शीतला मंदिर जीर्णोद्वार, पशु आश्रम सुरक्षा कार्य, सत्य कबीर पंथ श्री हुजूर प्रकाशमुनी साहेब कुटी सामुदायिक भवन निर्माण, अटल आवास में सांस्कृतिक मंच निर्माण, पंचायत के सामने मंच में शेड निर्माण, दगदेवा तालाब में निर्मला घाट निर्माण कार्य सहित सांकरा में किसान कुटीर निर्माण कार्य का लोकार्पण कर जनता को समार्पित किया। वहीं धीरी में राधे चरण साव सामुदायिक भवन का भी लोकार्पण किया गया। ग्राम पंचायत टेड़ेसरा में आयोजित लोकार्पण समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने सत्य कबीर पंथ श्री हुजूर प्रकाशमुनी साहेब कबीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण एवं पूजा -अर्चना कर समारोह का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर सरपंच एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भागवत




साहू द्वारा मुख्य अतिथि पूर्व सीएम श्री बघेल व अध्यक्षता कर रहे डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, विशिष्ट अतिथि खुज्जी विधायक भोलराम साहू, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल, भागवत साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ राजनांदगांव, अंगेश्वर देशमुख, प्रमोद साहू उपाध्यक्ष श्री सदगुरू कबीर धर्म गुरु दामाखेड़ा, खिलेश्वरी साहू सभापति जनपद पंचायत राजनांदगांव, नवाज खान पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक एवं महापौर हेम देशमुख का स्वागत किया।

स्वागत भाषण देते जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि टेड़ेसरा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का विशेष स्नेह है। आज जो टेड़ेसरा में विकास निर्माण कार्य हुए हैं, वह सब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार द्वारा जारी धनराशि से संभव हो पाया है और आज यह भी संयोग है कि उन्हीं के करकमलों से लोकार्पण किया जा रहा है। श्री साहू ने इसके लिए क्षेत्रवासियों की ओर से भूपेश बघेल का आभार जताया।

अध्यक्षता करते डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू ने कहा कि भूपेश सरकार ने मुझे पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण का दायित्व सौंपा था और मेरे द्वारा उस जिम्मेदारी को बखूबी निर्वहन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सरपंच दानीबाई साहू के अथक प्रयास से आज आपके क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत से हुए विकास निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया है।

इस अवसर पर जितेंद्र मुदलियार, पंकज बांधव, महेंद्र यादव, चुम्मन साहू, तुलदास साहू, सुनील कोठारी, लक्की चंद्राकर, देवलाल साहू, रमाकांत साहू, प्रमोद साहू, मोरध्वज साहू, रवीना टंडन, लेखू टंडन, टिंकू साहू, बच्चन देशमुख, टीकम साहू, प्रतिभा बंजारे, सोमनाथ निषाद, घनश्याम साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## अतिक्रमण दस्ते ने इंडस्ट्रीयल एरिया एवं कौरिनभाठा रोड से हटाया ठेला

**राजनांदगांव।** शहर में अतिक्रमण कर ठेला-खोमचा एवं पसरा लगाने वालों को समझाईस देने व हटाने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित निगम का अतिक्रमण दस्ता आज ममता नगर इंडस्ट्रीयल एरिया एवं बसंतपुर कौरिनभाठा रोड में अवैध रूप से दुकान संचालित करने रखे ठेला को बीते दिनों हटाने की कार्रवाई की और इसी प्रकार अन्य स्थल में रखे ठेला-खोमचा वालों को हटाने समझाईस दी जा रही है।

शहर के चौक-चौराहों एवं रोड में अतिक्रमण कर अनाधिकृत रूप से पसरा एवं ठेला-खोमचा लगाकर अधिकांश लोगों द्वारा व्यवसाय किया जाता है। जिससे यातायात बाधित होती है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जिसे ध्यान में रखकर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने निगम के भवन अधिकारी एवं अतिक्रमण दस्ता को अनाधिकृत पसरा हटाने तथा ठेला-खोमचा वालों को व्यवस्थित लगाने समझाईस देने के निर्देश दिए। निर्देश के अनुक्रम में निगम का दस्ता ठेला-खोमचा हटाने तथा दुकान का सामान दुकान की सीमा में रखने समझाईस दे रहे हैं। साथ ही कार्रवाई भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में इंडस्ट्रीयल एरिया में सड़क किनारे ठेला रखकर सेलून, पान ठेला व साइकिल मरम्मत दुकान का संचालन किया जा रहा था। उसी प्रकार बसंतपुर-



कौरिनभाठा रोड में नाली के उपर ठेला लगाने प्लेटफार्म बनाया जा रहा था, जिसे हटाने समझाईस दी गई थी, नहीं हटाने पर आज उक्त दोनों क्षेत्र से ठेला हटाने की कार्रवाई की गई। आयुक्त विश्वकर्मा ने अपील करते कहा कि शहर के चौक-चौराहों एवं रोड में पसरा व ठेला-खोमचा न लगाएं। रोड में पसरा आदि लगाने से यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा कि निगम का अतिक्रमण दस्ता हटाने की कार्रवाई करेगी, उससे पूर्व हटा लें अन्यथा बिना सूचना हटाने की कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण हटाने के दौरान उप अभियंता अनिमेष चंद्राकर, प्र. पटवारी मिलीन्द रेड्डी व गणेश झा सहित अतिक्रमण दस्ता उपस्थित था।

### पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश जिला ईकाई राजनांदगांव की मासिक बैठक 8 दिसंबर को स्थानीय ठा. प्यारेलाल हाईस्कूल में रखी गई है। बैठक में नगरकोट (धमतरी) में संगठन के स्थापना दिवस पर होने वाले सम्मेलन में भाग लेने पर चर्चा की जाएगी। जिले के महामंत्री सुधीर शेंडे ने जिला तहसील, नगर ग्रामीण ईकाई के पदाधिकारियों व सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।